हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### केरल में भाजपा के ईसाई समुदाय तक पहुंचने से कांग्रेस असहज

(एजेंसी) तिरुवनंतपुरम। केरल में भाजपा की प्रदेश इकाई द्वारा ईसाई समुदाय तक पहुंचने के लिए शुरू किए गए आक्रमक अभियान से कांग्रेस असहज महसूस कर रही है। केरल में सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे से लगातार दो विधानसभा चुनाव हारने वाली कांग्रेस को किसी तरह अपना वोट बैंक बनाए रखना है। केरल की प्रमुख ईसाई राजनीतिक पार्टी, केरल कांग्रेस (मणि) के पहले से ही वाम मोर्चे में होने के कारण, कांग्रेस की समस्याएं बढ़ी हुई थीं।

### कानून के राज का सम्मान होना चाहिए : कांग्रेस

(एजेंसी) नई दिल्ली। माफिया से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई की जघन्य हत्या के बाद कांग्रेस ने रविवार को कहा कि देश के संविधान में कानून के शासन का सम्मान होना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए, लेकिन यह देश के कानून के तहत होनी चाहिए। किसी भी राजनीतिक उद्देश्य के लिए कानून के शासन और न्यायिक प्रक्रिया को तोड़ना या उल्लंघन करना हमारे लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। जो कोई भी ऐसा करता है, उनको जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उन पर कानून को सख्ती से लागू करना चाहिए।

### कर्नाटक के कोलार में राहुल ने उठाया अडानी का मुद्दा, बोले- वो भ्रष्टाचार का प्रतीक हैं

(एजेंसी) कोलार। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के कोलार में अडाणी समूह के ''भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया। वर्ष 2019 में कोलार में गांधी ने 'मोदी उपनाम पर एक टिप्पणी की थी, जिसके लिए उन्हें आपराधिक मानहानि का दोषी ठहराया गया था और लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिया गया था। कर्नाटक विधानसभा चुनावों की 29 मार्च को घोषणा के बाद राज्य की अपनी पहली यात्रा पर आए गांधी ने अडाणी मुद्दे के जरिए प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। कर्नाटक में कांग्रेस के सत्ता में आने का विश्वास व्यक्त करते हुए गांधी ने कहा कि पार्टी की सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में उसके प्रमुख चुनावी वादों को मंजूरी दी जाएगी, जिससे उनके क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त होगा। राज्य में 10 मई को चुनाव होना है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच अतीक और अशरफ का शव सुपुर्द-ए-खाक

संवाददाता



प्रयागराज। अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद अतीक और अशरफ के शव शाम करीब साढ़े छह बजे कब्रिस्तान लाए गए। उन्होंने बताया कि रीति रिवाजों के बाद दोनों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान मृतकों के चंद दूर के रिश्तेदार ही इस मौके पर मौजूद रहे। तीन हमलावरों की ताबड़तोड़ गोलियों का शिकार हुए माफिया-राजनेता पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के शवों को रविवार रात यहां के कसारी मसारी कब्रिस्तान में कड़ी सुरक्षा के बीच सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद अतीक और अशरफके शव शाम करीब साढ़े छह बजे कब्रिस्तान लाए गए। उन्होंने बताया कि रीति रिवाजों के बाद दोनों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान मृतकों के चंद दूर के रिश्तेदार ही इस मौके पर मौजूद रहे। कोई भी करीबी रिश्तेदार यानी अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन और उसके नाबालिग बेटे एहजान और अबान में से कोई भी मौजूद नहीं रहा। अधिकारी ने बताया कि रिश्तेदारों के अलावा अन्य लोगों को आधार कार्ड देखकर ही कब्रिस्तान में दाखिल होने दिया गया। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर कब्रिस्तान परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया। शनिवार को हुए अतीक के बेटे असद के अंतिम संस्कार के दौरान तैनात पुलिस बल के मुकाबले आज दोगुनी चौकसी रही। दंगा नियंत्रण वाहन भी बुलाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, पुलिस आयुक्त विजय विश्वास पंत, जोनल अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर, पुलिस महानिरीक्षक चंदप्रकाश समेत आला अधिकारी मौजूद रहे। अंतिम संस्कार देर में होने की संभावना के मद्देनजर प्रकाश की व्यवस्था की गयी थी, और कब्रिस्तान के गेट के पास के एक मकान की छत पर बड़ी संख्या में मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

मुख्य दमकल अधिकारी राजीव कुमार पांडे ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर अतिसंवेदनशील पांच इलाकों में पांच दमकल गाड़ियां तैनात की गयी हैं। गौरतलब है कि उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई पूर्व विधायक अशरफकी शनिवार देर रात पुलिस द्वारा मेडिकल परीक्षण कराकर वापस ले जाए जाते वक्त तीन हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## माफिया अतीक और उसके भाई अशरफ की हत्या का मुकदमा दर्ज

### तीनों हत्यारे पुलिस कस्टडी में, हो रही पूछताछ

माफिया अतीक और अशरफकी हत्याकांड का आज रविवार को शाहगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर धूमनगंज राजेश मौर्य की तहरीर पर त्यौथर बांदा निवासी लवलेश, पुराना हमीरपुर निवासी मोहित उर्फसनी और कातरवाड़ी कासगंज निवासी अरुण मौर्य के खिलाफहत्या, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और सेवन सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। तीनों अलग-अलग समय पर प्रयागराज पहुंचे थे। फर्जी नंबर की बाइक से काल्विन अस्पताल गए थे। तीनों के पास से पिस्टल और कई कारतूस बरामद हुए हैं। पुराना हमीरपुर निवासी मोहित उर्फशनि हिस्ट्रीशीटर है। माफिया की हत्या से पुलिसिया कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। अभिरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों की भूमिका की भी जांच होगी।माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफके शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू है। स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय स्थित पोस्टमार्टम हाउस में दोनों का शव रखा गया। तीन डाक्टरों का पैनल पोस्टमार्टम के लिये लगाया गया। दोनों को कई गोली लगी हैं। अतीक और अशरफका शव पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया,जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। बैरिकेडिंग कर किसी की भी आवाजाही रोकी गई। पोस्टमार्टम के बाद ही साफहोगा कि किसे कितनी गोली लगी। किस हथियार से गोली मारी गई। इन्हीं बिंदुओं को आधार बनाकर जांच को आगे बढ़ाया जाएगा।माफिया अतीक अहमद व उसके भाई अशरफकी हत्या करने वाले लवलेश तिवारी, अरुण कुमार मौर्य और सनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस लाइन स्थित क्राइम ब्रांच के कार्यालय पर उनसे पूछताछ की जा रही है। अभी तध्क तीनों संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे हैं। न ही अतीक व अशरफकी हत्या का ठोस कारण बताया है। सिर्फ इतना बताया है कि ये लोगों की हत्या कराने के साथ जमीनों पर कब्जा करते थे, इसलिए मार दिया।

## अतीक-अशरफ की हत्या पर बोलीं मायावती राज्य का 'एनकाउंटर प्रदेश' बन जाना कितना उचित

(संवाददाता) लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने प्रयागराज में माफिया व पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई पूर्व विधायक अशरफ की हत्या पर रविवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना प्रदेश सरकार की कानून-व्यवस्था पर अनेक गम्भीर प्रश्नचिन्ह खड़े करती है तथा यह सोचने की बात है कि राज्य का 'एनकाउंटर प्रदेश' बन जाना कितना उचित है? उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मामले में देश की शीर्ष अदालत से उचित कार्रवाई की मांग की है। इस बीच समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव रामगोपाल वर्मा ने अतीक के शेष बेटों की भी हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की है। रविवार की सुबह बसपा प्रमुख मायावती ने ट्वीट कर कहा, (गुजरात जेल से अतीक अहमद व बरेली जेल से लाए गए उनके भाई अशरफ की प्रयागराज में कल रात पुलिस हिरासत में ही खुलेआम गोली मारकर हुई हत्या, उमेश पाल जघन्य हत्याकाण्ड की तरह ही, उत्तर प्रदेश सरकार की कानून-व्यवस्था व उसकी कार्यप्रणाली पर अनेक गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े करती है।

# 14 की मौत के बाद भी नहीं लिया सबक

## अभी भी श्रद्धालुओं को बैठाकर दौड़ा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली, जगह नहीं मिली पीछे खड़े हो गए

(संवाददाता)

शाहजहांपुर । जिले में दर्दनाक हादसे को महज 24 घंटे ही बीते हैं। लगता है लोग इतने बड़े हादसे का जख्म जल्द भूल गए। रविवार को फिर से ट्रैक्टर ट्राली में भरकर श्रद्धालु मंदिर के दर्शन और मेले में जाते दिखे। इसके अलावा छोटे वाहन में भी श्रद्धालु बैठकर जा रहे थे। जब अंदर जगह नहीं मिली तो कुछ श्रद्धालु वाहन के पीछे खड़े हो गए। वाहन और ट्रैक्टर ट्राली हाइवे से लेकर गांव के गलियों से गुजर रही



है, लेकिन पुलिस प्रशासन को इस से कोई फर्क नहीं पड़ता है। बता दें कि शनिवार को दर्दनाक हादसे में 14 की मौत और दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। पाबंदी के बाद भी लोग ट्रैक्टर ट्राली से जा रहे थे। वित्त मंत्री से लेकर कमिश्नर तक ने जांच कराने की बात की थी। तिलहर थाना क्षेत्र के बारह-पत्थर मोहल्ले में एक मंदिर के पास बिरिया बाबा का मेला लगता है। हफ्ते के गुरूवार और रविवार को लगने वाले मेले में दूर दराज के ग्रामीण मेले में आते हैं। रविवार को भी इसी मेले में तमाम गांव से लोग ट्रैक्टर ट्राली में भरकर आ रहे थे। लोग ट्रालियों में तो बैठे ही थे, साथ ही उस ट्राली में खड़े भी हो गए। इसके अलावा छोटे लोडिंग वाहन से भी लोग मेले तक आ रहे थे। कई ऐसे वाहन थे, जिनमें श्रद्धालु अंदर बैठे थे। जगह नहीं मिलने पर कुछ लोग पीछे के हिस्से पर खड़े होकर मेले तक आने की कोशिश कर रहे थे। जबकि ट्रैक्टर ट्राली पर इस तरह से लोगों को बैठाकर चलाने में पाबंदी लगी है। इसके अलावा छोटे वाहन पर भी क्षमता से अधिक बैठाने पर भी कार्रवाई की जाती है, लेकिन यहां पुलिस प्रशासन पूरी तरह से आंखे मूंदे बैठा है। तिलहर थाना क्षेत्र के सुनौरा गांव के रहने वाले ग्रामीण कथा कराने के लिए ट्रैक्टर ट्राली से जल लेने के लिए निकले थे। रटा पुल के पास अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्रॉली रेलिंग तोड़ती हुई पुल के नीचे गिरी। जिसमें 14 की मौत हो गई और लगभग दो दर्जन से अधिक घायल हो गए थे। बावजूद इसके इतने बड़े हादसे के बाद भी ग्रामीण जागरूक होने को तैयार नहीं हैं। इस घटना के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने हादसे के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया था। उन्होंने कहा था कि इस मामले की जांच की जाएगी कि पाबंदी के बाद भी लोग कैसे ट्रैक्टर ट्राली से जा रहे थे। वहीं कमिश्नर ने भी इस मामले में जांच के आदेश दिए थे।

## विपक्ष को एकजुट करने में जॉर्ज फर्नाडीस जैसी भूमिका निभा सकते हैं नीतीश कुमार

(एजेंसी)

पटना। दिल्ली में विपक्षी नेताओं के साथ सफल बैठक के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। हालांकि, नीतीश कुमार ने स्पष्ट किया कि वह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नहीं हैं, लेकिन वह अपने वरिष्ठ नेता स्वर्गीय जॉर्ज फर्नाडीस के नक्शेकदम पर चलकर यूपीए के संयोजक की भूमिका निभा सकते हैं। जॉर्ज फर्नाडीस ने 1998 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के गठन में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। उस समय केंद्र में कांग्रेस का शासन था और विपक्षी दल बिखरे



हुए थे। मंडल आयोग की रिपोर्ट के बाद देश में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ। तब बीजेपी ने समता पार्टी के प्रमुख जॉर्ज फर्नाडीस को एनडीए के संयोजक की भूमिका निभाने के लिए कहा था और वह कांग्रेस के खिलाफ24 पार्टियों को एकजुट करने में कामयाब रहे थे। उस एकता के कारण 1999 में जॉर्ज फर्नाडिस ने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के गठन में मुख्य भूमिका निभाई। एनडीए सरकार ने 5 साल का कार्यकाल पूरा किया। अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अरविंद केजरीवाल और सीताराम येचुरी ने कहा कि नीतीश कुमार विपक्षी दलों को एकजुट करने में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और वे उनके साथ हैं। नीतीश कुमार ने साफ कर दिया है कि वह देश के विपक्षी दलों को ज्यादा से ज्यादा एकजुट करना चाहते हैं और उन्हें सफलता मिल रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का ट्वीट हम देश के लिए साथ में लड़ेंगे देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति में सबसे महत्वपूर्ण बात है। जदयू एमएलसी और पार्टी के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने भी सार्वजनिक रूप से कहा कि नीतीश कुमार देश में जो कुछ भी कर रहे हैं, वह उनके साथ हैं। वाम दलों के नेताओं ने भी उनका समर्थन किया। मुझे नहीं पता कि नीतीश कुमार जॉर्ज फर्नाडीस का अनुसरण कर रहे हैं या नहीं, लेकिन वह विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिए सही दिशा में जा रहे हैं। कुमार ने कहा, नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा के पास केवल दो नेता हैं, जो सर्वाधिकारी की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने सभी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है और अपने राजनीतिक विरोधियों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने आम लोगों के हित में कुछ नहीं किया है। इसलिए आप उन्हें वोट देते हैं तो आप खुद को बर्बाद कर लेंगे और अगर आप उनके खिलाफवोट करेंगे तो आप अपना, राज्य और देश का विकास करेंगे।

## अपराधियों को मिल रहा है सत्ताधारी भाजपा का संरक्षण : अखिलेश

(संवाददाता)

लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को सरकार पर आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश जंगल राज की गिरफ्त में फंस चुका है और अपराधियों को सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का संरक्षण मिला हुआ है। यादव ने यहां एक बयान में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर बरसते हुए कहा, ''राज्य में कानून और संविधान का शासन नहीं है, अपराध की पराकाष्ठा हो गयी है, सड़कों पर खुलेआम हत्यायें हो रही है। अपराधी बेखौफहैं। अपराधियों को सत्ताधारी पार्टी का संरक्षण मिला हुआ है। पूरा प्रदेश जंगलराज की गिरफ्त में फंस चुका है।'' प्रदेश के



पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में माफिया सरगना अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की एक दुस्साहसिक वारदात में गोली मारकर हुयी हत्या का जिक्र करते हुए कहा, मीडिया के सामने सुनियोजित तरीके से पुलिस की सुरक्षा घेरे के बीच हत्या सरकार की नाकामी है। हत्या की जा सकती है तो आम जनता कितनी सुरक्षित है, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज ही नहीं बची है। लगता है सरकार की साख ही मिट्टी में मिल गई है। प्रदेश में भाजपा सरकार ने अराजकता का जो माहौल बनाया है, इससे जनता के बीच भय व्याप्त हो गया है। ऐसा लगता है कि कुछ लोग जानबूझकर ऐसा वातावरण बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार के समय में जिस उत्तर प्रदेश में विकास की बात होती थी, मेट्रो, एक्सप्रेस-वे, आईटी सिटी, लैपटॉप की बात होती थी, उसी प्रदेश में अब अपराध, अपराधियों, बंदूक और पिस्तौल की चर्चा होती है। यादव ने कहा, ''उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सुरक्षा और उत्तर प्रदेश के भविष्य को लेकर चिंता का माहौल है। भाजपा ने नफरत फैलाकर समाज को डरा दिया है।

# केंद्र ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में हाईवे के लिए 130 हजार करोड़ रुपये दिए

### ❑ कश्मीर से कन्याकुमारी अब देश के लोगों के लिए सपना नहीं रहेगा उसे पूरा किया जायेगा : नितिन गडकरी

(एजेंसी)

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में कहा था कि कश्मीर से कन्याकुमारी अब देश के लोगों के लिए सपना नहीं रहेगा। जम्मू-कश्मीर और देश के अन्य हिस्सों में सड़क नेटवर्क के व्यापक विकास का जिक्र करते हुए उन्होंने यह बात कही। जम्मू-कश्मीर में सड़कों और राजमार्ग निर्माण परियोजनाओं का जहां तक संबंध है, जम्मू-कश्मीर में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 1,30,000 करोड़ रुपये के विकास कार्य किए गए हैं और वर्ष 2014 से इस क्षेत्र में लगभग 500 किमी सड़क नेटवर्क का निर्माण पूरा किया जा चुका है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 45,000 करोड़ रुपये की लागत से कुल 41 महत्वपूर्ण सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है, जबकि केंद्रशासित प्रदेश में 5,000 करोड़ रुपये की लागत से 18 रोपवे का निर्माण किया जाएगा। मंत्री ने हाल ही में जम्मू-



कश्मीर का दौरा किया और विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने यह भी घोषणा की कि पहलगाम में पवित्र अमरनाथ गुफा की ओर जाने वाले 110 किमी लंबे अमरनाथ मार्ग को श्री अमरनाथ तीर्थ जाने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए लगभग 5,300 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। मंत्री ने जम्मू से उधमपुर-रामबन-बनिहाल से श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएस-44) के श्रीनगर-बनिहाल खंड का निरीक्षण किया, जो जम्मू और श्रीनगर के बीच सभी मौसम में संपर्क प्रदान करने के लिए बनाया जा रहा है। जम्मू और श्रीनगर के बीच यात्रा को आसान बनाने के लिए 35,000 करोड़ रुपये की लागत से तीन कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं। इसके तहत जम्मू से उधमपुर-रामबन-बनिहाल और आगे श्रीनगर तक के पहले कॉरिडोर में श्रीनगर से बनिहाल तक का सेक्शन शामिल है। कुल 250 किमी लंबाई की यह फोर लेन सड़क 16,000 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जा रही है। इसमें से 210 किमी के चार लेन के मार्ग को पूरा कर लिया गया है, जिसमें 21.5 किमी की 10 सुरंगें शामिल हैं। इस मार्ग के बनने से जम्मू और श्रीनगर के बीच हर मौसम में संपर्क बना रहेगा। साथ ही श्रीनगर से जम्मू की यात्रा का समय 9-10 घंटे से घटाकर 4-5 घंटे हो जाएगा। रामबन और बनिहाल के बीच 40 किमी फोर लेन सड़क का कैरिज-वे जून 2024 तक पूरा हो जाएगा जिससे श्रीनगर के यात्रियों को राहत मिलेगी। गडकरी ने लद्दाख के लिए सभी मौसम में संपर्क स्थापित करने के लिए एशिया की सबसे लंबी सुरंग जोजिला सुरंग और जम्मू-कश्मीर में लागू एक महत्वपूर्ण परियोजना का भी निरीक्षण किया। जोजिला में 6,800 करोड़ रुपये की लागत से 13.14 किलोमीटर लंबी सुरंग व अप्रोच रोड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह 7.57 मीटर ऊंची घोड़े की नाल के आकार की सिंगल-ट्यूब, टू-लेन सुरंग है, जो कश्मीर में गांदरबल और लद्दाख के कारगिल जिले के द्रास शहर के बीच हिमालय में जोजिला दर्रे के नीचे से गुजरेगी। परियोजना में एक स्मार्ट टनल (एससीएडीए) प्रणाली शामिल है जिसका निर्माण न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड का उपयोग करके किया गया है। यह सीसीटीवी, रेडियो कंट्रोल, निर्बाध बिजली आपूर्ति और वेंटिलेशन जैसी सुविधाओं से लैस है। इस परियोजना में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से भारत सरकार को 5,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की बचत हुई है। अभी तक जोजिला टनल का 28 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इस टनल के बनने से लद्दाख के लिए हर मौसम में कनेक्टिविटी हो जाएगी। वर्तमान में जोजिला दर्रे को पार करने में औसत यात्रा समय कभी-कभी तीन घंटे लगते हैं।

## सीबीआई-ईडी जैसी एजेंसियां तथ्यों के आधार पर काम करती हैं, केजरीवाल के समन पर बोले संबित पात्रा

(एजेंसी)

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने रविवार को कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी जांच एजेंसियां भावनाओं के आधार पर नहीं बल्कि तथ्यों के आधार पर काम करती हैं। पात्रा रविवार को आबकारी नीति घोटाला मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल को सीबीआई के समन पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत में लोकतंत्र की अच्छी बात यह है कि इस देश में किसी को भी यह नहीं सोचना चाहिए कि वह कानून से ऊपर है या कानून से बच सकता है। पात्रा ने कहा कि जांच एजेंसी यह पता लगाना चाहती है कि ''दिल्ली शराब घोटाले का सरगना कौन है? क्या मनीष सिसोदिया ने अकेले यह आबकारी नीति बनाई है या कोई और भी इसमें शामिल है? पात्रा ने संवाददाता सम्मेलन केजरीवाल से कुछ सवाल भी किए। उन्होंने कहा, ''दिल्ली शराब नीति आपके निर्देश पर आपके आवास पर मंत्रिमंडल द्वारा पारित की गई थी और आपने बार-बार दावा किया है कि इस आबकारी नीति से दिल्ली के खजाने को भारी लाभ होगा, लेकिन इसके बजाय 3,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ तथा आपको आबकारी नीति को वापस लेना पड़ा। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने पूछा, ''किस कारण से आपको उस नीति को वापस लेना पड़ा, जिसके बारे में आपने दावा किया था कि इससे राज्य को लाभ होगा?

CMYK

## संपादकीय

### आप की धाक

महज एक दशक पहले बनी आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलना निस्संदेह चमत्कारिक सफलता ही कहा जायेगा। वह भी उसी समय जबकि कई दिग्गज नेताओं की पार्टियों मसलन नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी, तृणमूल कांग्रेस तथा कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खत्म हो गया है। आप की यह सफलता केंद्रीय चुनाव आयोग के संवैधानिक प्रावधान के अनुरूप ही संभव हुई है। दरअसल, चुनाव आयोग के नियम 1968 के अनुसार, किसी राजनीतिक पार्टी का चार राज्यों में लोकसभा या विधानसभा का चुनाव लड़ना, इन चुनावों में कम से कम छह प्रतिशत वोट हासिल करना, किसी राज्य या राज्यों से चार सांसद चुने जाने अथवा लोकसभा में दो प्रतिशत सीट हासिल करने पर अथवा चार राज्यों में क्षेत्रीय पार्टी होने का रुतबा हासिल होने पर राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल जाता है। इसके चलते आप को अब एक चुनाव चिन्ह पर पूरे देश में चुनाव लड़ने का अवसर मिल सकेगा। दरअसल, आम आदमी पार्टी ने चार राज्यों में छह प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल कर लिये थे। आप ने दिल्ली व पंजाब में जहां सरकार बनायी, वहीं गुजरात में तेरह प्रतिशत व गोवा में छह प्रतिशत से अधिक वोट हासिल कर लिये थे। जाहिर बात है कि राष्ट्रीय दल का दर्जा मिलने से आप के खेमें में खुशी की बयार है। अरविंद केजरीवाल महज दस साल में हासिल पार्टी की कामयाबी को चमत्कार की संज्ञा दे रहे हैं। वह भी ऐसे समय में जब तीन महत्वपूर्ण पार्टियों से यह दर्जा छिन गया है। आप के लिये यह सुखद इसलिए भी कि अगले साल देश में आम चुनाव होने जा रहे हैं, जिसके चलते वह राष्ट्रीय राजनीति में अपनी दावेदारी पेश कर सकती है। इस वर्ष भी कुछ महत्वपूर्ण राज्यों में भी विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में पार्टी जनता के बीच जाकर खुद को राष्ट्रीय राजनीति के विकल्प के रूप में पेश करेगी।बहरहाल, बहुत संभव है केजरीवाल को आने वाले समय में बड़े विपक्षी नेता के रूप में भूमिका निभाने का मौका मिले। लेकिन एक बात तो तय है कि राष्ट्रीय राजनीति में केजरीवाल का कद हर हाल में बढ़ेगा। निस्संदेह, राष्ट्रीय दल का दर्जा हासिल करने के बाद आप के लिये राजनीतिक परिदृश्य में बहुत कुछ बदलने वाला है। पार्टी आसन्न विधानसभा व आम चुनाव में ज्यादा मजबूत स्थिति में चुनाव लड़ सकती है। पार्टी को जहां पब्लिक ब्रॉडकास्टर यानी दूरदर्शन आदि के जरिये चुनाव प्रचार का मौका मिलेगा, वहीं उसके स्टार प्रचारकों की संख्या व उनके खर्च करने की सीमा बढ़ेगी। पार्टी को चुनाव खर्च आदि में टैक्स आदि में छूट मिलेगी। वहीं नियमानुसार उसकी चुनावी चंदा लेने की क्षमता में भी वृद्धि राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने के बाद होगी। दिल्ली में पार्टी का राष्ट्रीय कार्यालय खोलने के लिये जमीन उपलब्ध करायी जायेगी। निस्संदेह, देश में इस वक्त छह राष्ट्रीय दलों में शामिल होना आप की बड़ी उपलब्धि ही कही जायेगी। जिसके चलते पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। सोमवार को पार्टी को राष्ट्रीय दर्जा मिलने पर अरविंद केजरीवाल ने खुशी जतायी तथा पार्टी के दो मजबूत स्तंभों व पूर्व मंत्रियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की कमी महसूस होने का जिक्र भी किया। बहरहाल, मौजूदा स्थिति में आम आदमी पार्टी का राजनीतिक कद निश्चित रूप से बढ़ेगा। विपक्ष के घटक के रूप में आंदोलनों के दौरान आप को ज्यादा तवज्जो मिलेगी। लेकिन इसके साथ ही पार्टी की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है कि वह एक विश्वसनीय व जवाबदेह विपक्ष के दायित्वों को निभाते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं को समृद्ध करे। वह भी ऐसे समय में जब कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं की शक्तियों का क्षरण करने का आरोप केंद्र सरकार पर लगाते रहे हैं। जनता के प्रतिनिधि के तौर पर एक मजबूत विपक्ष का होना लोकतंत्र की खूबसूरती ही कही जायेगी। विश्वास किया जाना चाहिए कि शिक्षा, स्वास्थ्य व जनभागीदारी के लिये आम आदमी पार्टी ने जो रचनात्मक पहल दिल्ली में की है, वैसा लाभ शेष देश को भी मिलेगा।

### बेखौफ होने का इंतजार

कोई आपकी नीतियों की आलोचना करे, तो इसका बिल्कुल भी ये मतलब नहीं होता कि वो एंटी नेशनल है, अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतंत्र में आलोचना के अधिकार को लेकर ये महत्वपूर्ण टिप्पणी हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने की थी। लेकिन ऐसा लगता है कि महाराष्ट्र सरकार तक इस टिप्पणी से निकला संदेश पहुंचा नहीं है या फिर सरकार ने इसे अनसुना कर दिया है। क्योंकि महाराष्ट्र की शिंदे गुट वाली शिवसेना और भाजपा की गठबंधन सरकार ने दो युवा गायकों पर उनके गीतों के कारण मामला दर्ज किया है। ये दोनों युवक अलग-अलग पृष्ठभूमि के हैं, दोनों ने गीत भी अलग-अलग समस्याओं को लेकर अलग ढंग से लिखे। लेकिन दोनों के गीतों को सोशल मीडिया पर खूब देखा और सराहा गया। इसका सीधा मतलब यही है कि जनता भी उनके गीतों और गीतों में व्यक्त भावनाओं से इत्तेफाक रखती है। लेकिन महाराष्ट्र सरकार को ये गीत नागवार गुजरे और इसलिए अब इन युवा कलाकारों पर कानून का डंडा चलाया गया है। औरंगाबाद के रैपर राज मुंगासे का मराठी भाषा में रैप गीत आया, जिसका शीर्षक है चोर और इसके शुरुआती बोल हैं चोर आले 50 खोखे घेऊं किती बाघा, चोर आले एकदम ओके हूं, जिसका हिंदी अनुवाद है कि देखो, चोर 50 करोड़ रुपये के साथ आ गए हैं। देखो, चोर बिल्कुल ठीक दिखते हैं। इस गीत में श्री मुंगासे ने किसी राजनैतिक दल, किसी नेता का नाम नहीं लिया, लेकिन एकनाथ शिंदे सरकार ने इसे आपत्तिजनक पाया। गौरतलब है कि एकनाथ शिंदे और उनके साथ गए विधायकों पर दल बदलने और उद्धव ठाकरे सरकार को गिराने के एवज में मोटी रिश्वत लेने के आरोप लगे थे। इस राजनीतिक तख्तापलट के बाद श्री शिंदे मुख्यमंत्री बने थे। राज मुंगासे के गीत को शिंदे सरकार ने अपने ऊपर ले लिया और शिंदे गुट के एक कार्यकर्ता ने राज मुंगासे पर प्राथमिकी दर्ज कराई। राज मुंगासे पर धारा 501 (मानहानि), 504 (शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान) और 505 (2) (वर्गों के बीच दुश्मनी पैदा करने वाले बयान) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि राज मुंगासे दलित समुदाय से आते हैं, अम्बेडकरवादी आंदोलनों में वे भाग लेते रहे हैं और हाल ही में उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाया है। महाराष्ट्र सरकार के निशाने पर आने वाले दूसरे रैपर हैं उमेश खाडे, जो खाडे शंभो के नाम से मशहूर हैं। उनके गीत जनता भोंगली केली यानी आपने जनता को नंगा कर दिया, में भी किसी राजनैतिक दल का जिक्र नहीं है, बल्कि गीत में इस ओर ध्यान दिलाया गया है कि कैसे गरीब और हाशिये पर पड़े लोगों को जीवनयापन के लिए उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है, जबकि राजनीतिक दल बड़ी-बड़ी सौदेबाजी में व्यस्त हैं। इस गीत पर मुंबई पुलिस की क्राइम इंटेलिजेंस यूनिट ने शिकायत दर्ज की। उन पर आईपीसी की धारा 504, 505 (2) और आईटी अधिनियम 2000 की धारा 67 (इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में अश्लील सामग्री प्रकाशित या प्रसारित करना) के तहत मामला दर्ज किया गया। हालांकि उन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। वैसे महाराष्ट्र में भोंगली एक आम ग्रामीण शब्द है, जिसका इस्तेमाल नग्नता के संदर्भ में किया जाता है और खाडे शंभो ने राज्य पर अपने नागरिकों की परवाह नहीं करने के लिए तीखे लहजे में इस शब्द का इस्तेमाल किया। उन्होंने विपक्ष के नेताओं पर भी अपने गीत में निशाना साधा है। दो रैपरों को उनके मन के गीत लिखने और सुनाने पर कानूनी कार्रवाई का सामना महाराष्ट्र में करना पड़ा है। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, सत्ता के कोपभाजन पहले भी बहुत से लोग केवल इसलिए बने हैं, क्योंकि उन्होंने सत्ता की आलोचना करने या नेता का मखौल उड़ाने की हिम्मत दिखाई। प.बंगाल में जादवपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अंबिकेश महापात्रा को 11 साल पहले ऐसी ही कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ा था, क्योंकि उन्होंने ममता बनर्जी पर बने एक कार्टून को आगे बढ़ाया था। अंबिकेश महापात्रा को 2012 को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उन्हें बाद में जमानत मिल गई और अभी इस साल जनवरी में वे पूरी तरह दोषमुक्त करार दिए गए। प्रो. महापात्रा ने आरोप मुक्त होने पर कहा था कि कानूनी लड़ाई के अंत के बाद उन्हें अच्छा लगा, लेकिन वे उस दिन का इंतजार करेंगे जब लोग ऐसे झूठे मामलों के खिलाफउठेंगे और इस युग से झूठे मामलों का अंत होगा।

# विकास के पैमानों के अलग-अलग सोपान ग्रीन इंडिया या डिजिटल इंडिया

**संजीव ठाकुर**

भारत के उदारवादी दृष्टिकोण और निजीकरण के युग में विकास की अवधारणा के बारे में जब भी चर्चा होती है तब स्वाभाविक तौर पर विकास के विभिन्न आयामों पर भी विस्तृत परिचर्चा का पदार्पण होता है। विकास प्राप्ति है या साधन है और विकास की संपूर्ण अवधारणा क्या है इस पर एक स्वस्थ बहस की आवश्यकता हैस निसंदेह विकास परिवर्तन की सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक बदली हुई परिणति ही है, परिवर्तन अथवा विकास के सामने समतामूलक न्याय पूर्ण तथा संपूर्ण समावेशी प्रयासों को मजबूत करने की बात कही गई है और भारत सरकार ने इस पर अपनी आस्था व्यक्त की है , इसी विचार के साथ भारत ने पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को मजबूती देने का प्रयास किया है भारत को हरित भारत के लक्ष्य को स्वीकार भी किया है। विभिन्न जीव जंतुओं को बचाना तथा वन के परीक्षेत्र को 33: लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में हर संभव प्रयास किए जाने के लिए योजनाएं बनाई जा रही है ।वही दूसरी तरफ मरुस्थल बनने से धरा को रोकने के प्रयास और जैव




विविधता को सुरक्षित रखने का लक्ष्य की भारत में प्रगति कर रहा हैस जलवायु परिवर्तन से भारत को जितना नुकसान हो रहा है इतना किसी भी अन्य देश को नहीं हो रहा है। इसी कार्यक्रम में प्राकृतिक संसाधनों के वितरण प्रकार और गुणवत्ता को जलवायु परिवर्तन से बचाने का प्रयास भी शामिल है ।भारत में इसी संदर्भ में ग्रीन इंडिया जैसी अवधारणा को आत्मसात किया है ग्रीन इंडिया तथा परिस्थितिकी सुधार को संरक्षण दिया है उसमें केंद्र व राज्य सरकारों ने मिलकर एक दशक के लिए लगभग 40, हजार करोड़ रुपए के खर्च होने का अनुमान भी दर्शाया है। सरल शब्दों में ग्रीन इंडिया मिशन को जलवायु परिवर्तन की अनुकूलता को अंदर से देखा जाए उसमें कारबन में कटौती तथा परिस्थिति तंत्रों में मजबूती लाने का प्रयास किया जाएगा ,इसके अंतर्गत बंजर वाली भूमि पर 50 लाख हेक्टेयर पर पेड़ लगाना और 50 लाख हेक्टेयर जमीन पर बढ़ते हुए वनों का संरक्षण भी शामिल है। जिसके फलस्वरूप 30 लाख परिवारों को रोजगार मुहैया कराना साथ ही 50 से 60 लाख तन तक कार्बन डाइऑक्साइड में कमी लाने का लक्ष्य तय किया गया। इस तरह ग्रीन इंडिया में भारी भरकम बजट खर्च करने की परियोजना तैयार की गई है ।निश्चित तौर पर जलवायु परिवर्तन में होने वाले नुकसान को इस योजना से रोका जा सकता है। वहीं दूसरी ओर यदि डिजिटल इंडिया की बात करें तो ज्ञान के आधारित अर्थव्यवस्था मैं सुधार डिजिटल पद्धति से ही लाया जा सकता है। भारत देश जैसे विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए डिजिटलीकरण अत्यंत आवश्यक भी दिखाई देता है। डिजिटल विकास के पास भारत देश में दीमक की तरह फैले हुए भ्रष्टाचार को भी रोका जा सकता है। बिचौलियों की उपस्थिति को भी चुनौती दी जा सकती है वैसे डिजिटल इंडिया प्रशासन सब प्रशासन को काफी मददगार साबित होने वाला है। सरकारी कार्यालयों में समस्त कार्य प्रणाली पेपर रहित हो गए है डिजिटल टेक्नोलॉजी के साथ कार्य किए जाए तो समय के साथ अर्थव्यवस्था में बेहतरी लाई जा सकती है। भारत सरकार ने अनेक विकास के पैमानों को ध्यान में रखते हुए और अनेक विसंगतियों को दूर करने के इरादे से डिजिटल मिशन के तहत ई गवर्नेंस ब्रॉडबैंड हाईवे, नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल, हॉस्पिटल एप स्वच्छ भारत मोबाइल ऐप, डिजिटल लॉकर जैसी सुविधाएं शुरू कर चुका है। आज सारी कार्य करा लिया मोबाइल ऐप तथा कंप्यूटर इंटरनेट से पूरी की जा रही है वहीं दूसरी तरफउल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय अपनी कार्यसूची में पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है और यह अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलनों में भी साबित हो चुका है जिसमें विश्व के शीर्ष नेतृत्व करने वाले देश पर्यावरण की समस्याओं के समाधान के संदर्भ में सकारात्मक प्रयासों की तरफ अग्रसर हैं। स्वच्छ वातावरण और पर्यावरण मनुष्य की मूल आवश्यकता है क्योंकि मनुष्य बिना हवा, स्वच्छ पानी या स्वच्छ पर्यावरण के जिंदा नहीं रह सकता है। ऐसे में विकास के ग्रीन इंडिया तथा डिजिटल इंडिया के दोनों पैमानों पर सतत विकास कर भारत को आगे बढ़ना होगा।

# अमित शाह की गर्जना



पड़ोसी देश चीन छल-कपट और अपनी कुटिल चालों से भारत के लिए हमेशा परेशानी खड़ी करता आया है। वह अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है। उसके लिए मानवीय मूल्यों, नीति और नैतिकता का कोई मोल नहीं है। वह यह भी जानता है कि उसके सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली देश बनने के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा भारत ही है। चीन की हर चाल को विफल करने के लिए भारत ने भी अपनी कमर कसी हुई है। पूर्व में जब भी भारतीय राजनीतिज्ञ अरुणाचल के दौरे पर जाते थे तो चीन उस पर यह कहकर आपत्ति जताता था कि अरुणाचल प्रदेश उसका है। इस बार गृहमंत्री अमित शाह ने अरुणाचल की जमीन पर खड़े होकर चीन को करारा जवाब दिया है और कहा है कि अब भारत की एक इंच जमीन पर कोई भी कब्जा नहीं कर सकता। कोई भी भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर सवाल नहीं उठा सकता। चीन ने गृहमंत्री अमित शाह के दौरे का विरोध करते हुए कहा था कि भारत के गृहमंत्री की गतिविधियों को अपनी क्षेत्रीय संप्रभुत्ता का उल्लंघन मानता है। भारत के लिए चीन की अनर्गल बयानबाजी कोई नई नहीं है। भारत सरकार ने हर बार चीन के दावों को खारिज किया है। कुछ दिन पहले अपनी विस्तारवादी मंशा का इजहार करते हुए चीन ने अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थानों के नामों में बदलाव किया। चीन भी यह जानता है कि कुछ स्थानों के नाम बदलने से अरुणाचल की स्थिति में वास्तव में कोई बदलाव नहीं आने वाला। अरुणाचल के नाम बदलने की चीन की यह तीसरी सूची है। 2017 में उसने पहली बार अरुणाचल के 6 स्थानों के नाम बदलने की सूची जारी की थी। अब तक वह 32 स्थानों के नाम बदल चुका है। कुछ वर्ष पहले चीन ने अरुणाचल के कुछ युवाओं को एक पेपर पर चीन आने की अनुमति दी थी और कहा था कि अरुणाचल चीन का अंग है, इसलिए उन्हें चीन आने के लिए वीजा लेने की जरूरत नहीं है। हाल ही में अरुणाचल में हुई जी-20 की एक बैठक में चीन ने हिस्सा लेने से मना कर दिया था। हाल ही के वर्षों में डोकलाम और लद्दाख में दोनों देशों की सेना आमने-सामने आ चुकी है। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर उसने बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया हुआ है और सीमा के निकट कई तरह के निर्माण कार्य कर रहा है। डोकलाम और गलवान में उसे पहली बार भारत के कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, जिसकी उसने कल्पना भी नहीं की थी। इन हरकतों के जवाब में भारत ने भी सैनिकों को मोर्चे पर खड़ा कर दिया है तथा सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए कई परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। हालांकि नियंत्रण रेखा पर अभी शांति है, पर दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों की कई चरण की बातचीत के बाद भी चीन ने अपने सैनिकों को पीछे नहीं हटाया है। भारत की मांग है कि सीमा विवाद पर किसी भी तरह की ठोस बातचीत शुरू करने से पहले नियंत्रण रेखा पर अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति बहाल होनी चाहिए। हालांकि चीन ने कई बार आश्वसन दिया है कि वह अपनी टुकड़ियों को पीछे कर लेगा, पर ऐसा हुआ नहीं। विभिन्न बहुपक्षीय मंचों और परस्पर वार्ताओं में चीन शांति और सहयोग की आकांक्षा तो व्यक्त करता है लेकिन वास्तव में वह अपना वर्चस्व बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहता है। भारतीय क्षेत्रों पर चीन के आक्रामक दावों को तो छोड़ दें, नियंत्रण रेखा की घ्यथास्थिति में एकतरफा बदलाव लाने की किसी कोशिश को भी भारत स्वीकार नहीं कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अब चीन से आंखें झुका कर नहीं बल्कि आंखों में आंखें डालकर बात करता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि पूर्व की सरकारों ने चीन को लेकर काफी गलतियां कीं। पूर्व की सरकारों की नीतियां चीन से आंखें बचाकर चुप्पी धारण करने की रही। अधिकांश राजनीतिज्ञ पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहर लाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी की यह कहकर आलोचना करते हैं कि इनकी भूलों के कारण ही तिब्बत और ताइवान चीन के हवाले कर दिए गए और चीन एक-एक इंच करके भारत की भूमि को हड़पता रहा। यह भी वास्तविकता है कि अटल जी ने चीन को इस बात के लिए राजी किया था कि वह सिघ्क्किम को भारत का हिस्सा माने। सच तो यह है कि चीन ने कभी एलएसी का सम्मान ही नहीं किया। चीन अपनी कुटिल चालों से अरुणाचल पर अपना दावा गर्म बनाए रखना चाहता है ताकि वह भारत से सीमा विवाद पर होने वाली वार्ता में सौदेबाजी कर सके। चीन को इस बात का अहसास है कि भारत अब 1962 वाला भारत नहीं है। अगर उसे इस बात का एहसास न होता तो भारत से युद्ध छेड़ चुका होता। चीन से सटी सीमाओं पर भारत ने भी अब अपनी पूरी तैयारी शुरू कर दी है। आईटीबीपी अब पहले से ज्यादा आक्रामक है। भारतीय सेना वहां पूरी तरह से एक्शन मोड में है। पूर्वी लद्दाख सीमा पर आधुनिक हथियार तैनात है। सीमा पर बुनियादी ढांचे का विकास तेजी से किया जा रहा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लगातार सीमाओं का जायजा लेते रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने चीन की सीमा पर किविथू गांव में वाइब्रेंट विलेज योजना की शुरूआत की है। वाइब्रेंट विलेज का मकसद एलएसी से सटे गांव को विकसित करना और वहां बुनियादी ढांचे को विकसित करना है। यह चीन की उस योजना का करारा जवाब है जिसके तहत वह अपनी सीमा के आसपास गांव बसा रहा है। वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत सड़कों का जाल बिछाया जाएगा ताकि चीन से किसी भी तरह के खतरे के चलते बेहद कम समय में सैनिक और हथियार सीमाओं पर पहुंचाए जा सकें। इन सम्पर्क मार्गों का काफी महत्व होगा। 1962 के युद्ध में भी घ्किविथू के जवानों ने चीन से जंग लड़ते समय बहादुरी दिखाते हुए अपनी शहादतें दी थीं। भारत में सूर्य की पहली किरण इसी भूमि पर पड़ती है। यह भारत माता के मुकुट का एक उज्जवल गहना है। भारत अब ड्रैगन का फन दबाने में सक्षम है।

# सचिन पायलट के सब्र का जो बाँध टूटा है वह कांग्रेस को बहा कर सत्ता से बाहर कर सकता है

**नीरज कुमार दुबे**

दरअसल कांग्रेस को जिस तरीके से चलाया जा रहा है उससे खिन्न होकर सिर्फ अनुभवी और वरिष्ठ नेता ही नहीं बल्कि युवा भी पार्टी छोड़ रहे हैं। जो वरिष्ठ नेता और युवा अभी कांग्रेस में बचे हुए हैं वह पार्टी में अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कांग्रेस ने पिछले साल उदयपुर में चिंतन किया, उसके बाद भारत जोड़ो यात्रा निकाली और इस साल रायपुर में महा अधिवेशन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने पार्टी में आमूल चूल सुधार को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कहीं, लेकिन नतीजा शून्य रहा। कांग्रेस नेताओं में उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूरब से लेकर पश्चिम तक पार्टी छोड़ने की जो होड़ लगी है वह दर्शा रही है कि आजादी की लड़ाई लड़ने वाली यह पार्टी आजादी के अमृत काल में पतन की ओर बढ़ रही है। दरअसल कांग्रेस को जिस तरीके से चलाया जा रहा है उससे खिन्न होकर सिर्फ अनुभवी और वरिष्ठ नेता ही नहीं बल्कि युवा भी पार्टी छोड़ रहे हैं। जो वरिष्ठ नेता और युवा अभी कांग्रेस में बचे हुए हैं वह पार्टी में अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। राजस्थान में कांग्रेस ने सचिन पायलट का जो हाल किया है उसको देखकर ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद और हिमंत बिस्व सरमा आदि नेता शुक्र मना रहे होंगे कि सही समय पर कांग्रेस छोड़ दी वरना उन्हें भी ऐसे ही अनशन पर बैठना पड़ रहा होता। सचिन पायलट जो मुद्दे उठा रहे हैं वह सही हैं या गलत, इसकी विवेचना की बजाय यह देखना चाहिए कि कांग्रेस में कैसे युवाओं का हक मारा जाता है। पिछले विधानसभा चुनावों के समय सचिन पायलट राजस्थान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष थे जबकि अशोक गहलोत कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) के पद पर काम कर रहे थे। सचिन पायलट ने तत्कालीन वसुंधरा राजे सरकार के खिलाफ जनमत तैयार कर कांग्रेस को जीत दिलाई लेकिन उनका हक मारकर गहलोत को दिल्ली से जयपुर भेजकर मुख्यमंत्री बना दिया गया। सचिन पायलट ने लगातार अपमानित किये जाने के चलते आवाज उठाई तो उन्हें गद्दार और निकम्मा बता



दिया गया। उन्हें बार-बार धैर्य रखने के लिए समझाया जाता रहा लेकिन सब्र का बांध एक दिन टूटता ही है। अब राजस्थान में यह जो बाँध टूटा है उससे इस वर्ष होने वाले राजस्थान विधानसभा चुनावों में कांग्रेस बह कर सत्ता से बाहर जा सकती है। वैसे बात सिर्फराजस्थान तक ही सीमित नहीं है, जिस तरह छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कैबिनेट मंत्री टीएस सिंहदेव के बीच जंग छिड़ी हुई है वह भी चुनावी वर्ष में कांग्रेस के लिए बड़ा सिरदर्द साबित हो सकती है। यही नहीं, कर्नाटक में अपने को सत्ता के करीब देख रही कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार के बीच की वो जंग भी ऐन चुनावों के समय जगजाहिर हो गयी है जिसे कांग्रेस अब तक दबाती आ रही थी। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे को समझना होगा कि नेतृत्व की यह शिथिलता कांग्रेस को पूरी तरह ले डूबेगी।

# नीतीश कुमार खुद तो 2004 के बाद से कोई चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं दिखा सके लेकिन राहुल गांधी को 2024 के सपने दिखा रहे हैं

**नीरज कुमार दुबे**

केंद्र में सत्ता बदलने को आतुर दिख रहे नीतीश कुमार के बारे में यह जानना भी रोचक है कि वह देश के एकमात्र ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिनके लगभग डेढ़ दशक के शासन के बावजूद उनका राज्य देश का सबसे पिछड़ा राज्य बना हुआ है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मोदी विरोधी महागठबंधन बनाने के लिए जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं। नीतीश कुमार दिल्ली आये तो लालू यादव से मिले, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से मिले और इन मुलाकातों के बाद पूरा विश्वास जताया कि विपक्ष का ये कारवां मजबूत बनता जायेगा और सब मिलकर चुनाव लड़ेंगे। नीतीश कुमार के हौसले देखकर ऐसा लग रहा है कि 2024 में बड़ा बदलाव आ जायेगा। लेकिन सवाल उठता है कि नीतीश कुमार की राजनीतिक विश्वसनीयता कितनी बची है? सवाल यह भी उठता है कि नीतीश कुमार का राजनीतिक जनाधार कितना बचा है? हम आपको बता दें कि नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल युनाइटेड बिहार विधानसभा में तीसरे नंबर की पार्टी है। नीतीश कुमार 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद से कोई चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं दिखा पाये हैं और उसके बाद से विधान परिषद के सदस्य हैं। 2004 में नीतीश कुमार ने दो संसदीय सीटों से चुनाव लड़ा था जिसमें से एक में वह हार गये थे। इसके अलावा नीतीश कुमार ने अपना आखिरी विधानसभा चुनाव 1985 में जीता था। साथ ही यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दी गयी जुबान का ही परिणाम था कि नीतीश कुमार साल 2020 में मुख्यमंत्री बन पाये थे जबकि उनकी पार्टी जदयू की सीटें तत्कालीन सहयोगी भाजपा के मुकाबले बेहद कम थीं। दल बदल की राजनीति का रिकॉर्ड भले अन्य नेताओं के नाम पर हो लेकिन गठबंधन बदल का रिकॉर्ड नीतीश कुमार के नाम पर है। नीतीश कुमार के नाम भले बिहार में सर्वाधिक बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने का रिकॉर्ड हो लेकिन सिर्फअपने दम पर वह कभी यह पद हासिल नहीं कर सके। केंद्र में सत्ता बदलने को आतुर दिख रहे नीतीश कुमार के बारे में यह जानना भी रोचक है कि वह देश के एकमात्र ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिनके लगभग डेढ़ दशक के शासन के बावजूद उनका राज्य देश का सबसे पिछड़ा राज्य बना हुआ है। अपने राज्य को आगे बढ़ाने की बजाय नीतीश कुमार केंद्र से हमेशा इस बात के लिए गुहार लगाते रहते हैं कि उनके राज्य को विशेष दर्जा दिया जाये। आज के जमाने में जहां राज्य एक दूसरे से आगे निकलने के प्रयास कर रहे हैं वहीं नीतीश की चाहत है कि बिहार सिर्फ केंद्र की अनुकम्पा पर चलता रहे। जो मुख्यमंत्री लंबे शासन के बावजूद अपने राज्य को पिछड़ेपन से निजात नहीं दिला सका और जनता को सिर्फ जातिगत जनगणना जैसे मुद्दों में ही उलझाये रहता है, जरा सोचिये यदि वह केंद्र की सत्ता में आ गया या केंद्र की सत्ता में भागीदार बन गया तो देश किस दिशा में चल पड़ेगा?

क्या आज का भारत उस गठबंधन राजनीति के युग में जाना पसंद करेगा जहां प्रधानमंत्री का अधिकांश समय गठबंधन सहयोगियों को मनाने या उनके अनैतिक कार्यों पर आंखें मूंदें रहने में बीतता था। नीतीश कुमार को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि ऐसी ही आतुरता 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले आंध्र प्रदेश के



मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने भी दिखाई थी। 2019 में मोदी को हटाने के प्रयास में सभी विपक्षी नेताओं को मंच पर लाने के लिए चंद्रबाबू नायडू ने आकाश पाताल एक कर दिया था लेकिन इस दौरान आंध्र प्रदेश में उनके खुद के पैर के नीचे से राजनीतिक जमीन पूरी तरह खिसक गयी थी।

CMYK

# इलाहाबाद उच्च न्यायालय का सख्त आदेश-बयान से मुकरने वाली रेप पीड़िता से मुआवजे की रकम वापस ले सरकार

संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा है कि मुकदमे के दौरान अभियोजन का समर्थन न कर बयान से पलटने वाली कथित दुष्कर्म पीड़िता से मुआवजे की रकम वापस ली जाए। पीठ ने राज्य सरकार को इस संबंध में संबंधित अधिकारियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई अगस्त के दूसरे सप्ताह के लिए मुकर्रर करते हुए अदालत ने आदेश के अनुपालन की प्रगति रिपोर्ट भी जमा करने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय ने अपने वरिष्ठ रजिस्ट्रार को आदेश की प्रति आवश्यक अनुपालन के लिए मुख्य सचिव को भेजने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की एकल पीठ ने दुष्कर्म व यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो)



अधिनियम के तहत आरोपों में जेल में बंद उन्नाव के जीतन लोध उर्फ जितेंद्र की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा, ''मेरी राय में, अगर पीड़िता बयान से पलटती है और अभियोजन मामले का बिल्कुल भी समर्थन नहीं करती है, तथा यदि पीड़िता को भुगतान किया गया है, तो राशि वसूल करें। पीड़िता अगर मुकदमे के दौरान आरोप से इनकार करती है तो इसका कोई औचित्य नहीं है कि वह राज्य्य सरकार द्वारा प्रदान की गयी मुआवजा राशि अपने पास रखे। आरोपी की ओर से अदालत को बताया गया कि मामले की पीड़िता ने सुनवाई कर रही अदालत के समक्ष मुकदमे के दौरान अभियोजन द्वारा लगाए आरोपों का समर्थन नहीं किया, बल्कि उसने अपने बयान में कहा है कि वह उससे दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति को पहचान नहीं सकी तथा वह उसका चेहरा भी नहीं देख पाई थी।पीठ को बताया गया कि पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए बयान का भी समर्थन नहीं किया है। यह भी बताया गया कि पीड़िता का भाई जो मामले का वादी है, उसने भी अभियोजन का समर्थन नहीं किया है। पीठ ने मामले के तथ्यों पर गौर करते हुए आरोपी की जमानत याचिका को मंजूर कर लिया। सुनवाई के दौरान सरकारी वकील राजेश कुमार सिंह ने दलील दी कि दुष्कर्म और नाबालिग से यौन उत्पीड़न के मामलों में पीड़िता और उसके परिवार को आर्थिक मदद सरकार की ओर से दी जाती है। उन्होंने अनुरोध किया कि इस मामले में पीड़िता ने अभियोजन का समर्थन नहीं किया है, लिहाजा उसे दी गई मुआवजे की रकम की वसूली की जानी चाहिए। इस पर अदालत ने विस्तृत आदेश पारित करते हुए, उपरोक्त निर्देश राज्य सरकार को दिए हैं।

# यूपी निकाय चुनाव

## महापौर सीटों पर परिजनों को टिकट दिलाने की जुगत में जनप्रतिनिधि

संवाददाता

लखनऊ। निकाय चुनाव में भाजपा का महापौर प्रत्याशी बनने के लिए लखनऊ में महिला सीट पर जबर्दस्त मारामारी मची हुई तो दूसरे नगर निगमों में भी पार्टी का महापौर प्रत्याशी पद पर कोई कम न होड़ नहीं है। ऐसे नगर निगमों में भी जनप्रतिनिधि अपने परिजनों ना को टिकट दिलाने के लिए जोर ले आजमाइश के साथ बड़े नेताओं के दरवाजे चक्कर लगा रहे हैं। वाराणसी की नगर निगम की महापौर सीट अनारक्षित है। महापौर सीट के लिए भाजपा के दो दर्जन से अधिक दावेदार हैं। भाजपा से प्रत्याशी के रूप में महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, अशोक चौरसिया, सुधीर सिंह और क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र




श्रीवास्तव के नाम की चर्चा है। कानपुर की महापौर सोट सामान्य महिला के लिए आरक्षित है। बताया जा रहा है कि कानपुर से विधायक और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना मेयर प्रमिला पांडेय को दोबारा टिकट दिए जाने को लेकर पैरवी कर रहे हैं। जबकि कानपुर से सांसद सत्यदेव पचौरी और अकबरपुर (कानपुर देहात)सांसद देवेंद्र सिंह भोले के परिजन भी चुनाव लड़ना चाहते हैं। अयोध्या की महापौर सीट अनारक्षित है। मौजूदा महापौर ऋषिकेश उपाध्याय का बीते दिनों जमीन से जुड़े मामले में नाम आया था उन्हें दोबारा टिकट दिए जाने में संशय है। अयोध्या के महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा व महंत गिरीशपति त्रिपाठी, हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास चर्चा में सबसे आगे चल रहे हैं। प्रयागराज सीट पर काबीना मंत्री नंद गोपाल नंदी की पत्नी व निवर्तमान महापौर अभिलाषा गुप्ता का दावा मजबूत दिखाई दे रहा है। अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन को टिकट न मिलने से समीकरण बदल गया है। वहां राकेश शुक्ला और डॉ कीर्तिका अग्रवाल भी प्रमुख दावेदार हैं। गाजियाबाद में निवर्तमान महापौर आशा शर्मा को दोबारा टिकट मिलने की कम संभावना है। मुख्यमंत्री आवास पर शुक्रवार को हुई भाजपा कोर कमेटी की बैठक में पहले चरण में आने वाले नगर निगमों के महापौर, नगर पालिका अध्यक्षों व नगर पंचायत अध्यक्षों के नामों को अंतिम रूप दिया गया। 10 नगर निगमों में चार मई को मतदान होना है।

## संक्षिप्त समाचार

### बेहतर बनने के लिए जीवन की जटिलताओं से निपटें : प्रो. पवन कुमार सिंह

संवाददाता, लखनऊ। इंस्टीट्यूट ऑफमैनेजमेंट साइंसेज ने मैनेजमेंट लीडर्स के साथ ब्रेनस्टॉर्मिंग का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रख्यात अतिथि प्रोफेसर पवन कुमार सिंह, निदेशक, आईआईएम, त्रिची ने आईएमएस के छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित किया। प्रो. विनीता काचर, ओएसडी, आईएमएस ने प्रो. पी. के. सिंह का स्वागत किया और उनका परिचय कराया। छात्रों से बातचीत के दौरान उन्होंने छात्रों के लिए बेहतर इंसान बनने के लिए जीवन की जटिलताओं से निपटने के टिप्स दिए। उन्होंने मजबूत संस्कृति और कमजोर संस्कृति के बारे में बताया। प्रोफेसर पीके सिंह ने आईएमएस के संकाय सदस्यों को भी संबोधित किया और उन्हें शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुसंधान, परामर्श और शैक्षणिक प्रशासन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया।

### प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है: संजय निषाद

संवाददाता, लखनऊ। राष्ट्रीय अध्यक्ष-निषाद पार्टी एवं कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ संजय कुमार निषाद द्वारा उमेश पाल और गनर संदीप निषाद हत्याकांड को लेकर प्रेसवार्ता करते हुए कहा प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति के आधार पर कार्य कर रही है। सरकार भ्रष्टाचार मुक्त, माफिया मुक्त, गुंडा मुक्त, भय मुक्त और अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश की और ले जा रहे हैं। किंतु सपा-बसपा की सरकार के समय अपराधियों को संरक्षण दिया जाता था। भाजपा अपराधियों और माफियाओं पर नकेल कसी जा रही है। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी पिछड़ो और दलितों के नाम पर राजनीति करके 30 साल तक शासन किया। किन्तु उमेश पाल और उनके गनर संदीप निषाद दोनों ही पिछड़ी जाति से आते थे, किसी विपक्षी पार्टी को उनके प्रति सहानुभूति नहीं है। अतरौलिया विधानसभा से सपा के स्थानीय विधायक तक शहीद संदीप निषाद के घर तक संवेदना व्यक्त करने नही गए, शहीद और पुलिस किसी सरकार के नही होते है। वो इस प्रदेश और देश के लिए अपने दायित्व को निभाते हुए शहीद हुआ है। अखिलेश और मायावती की पार्टियों से ही माफियाओं को मदद मिली है, हमारी सरकार दहशत फैलाने वालों को सजा दे रही है।

### राष्ट्रीय लोकदल ने घोषित किए प्रत्याशी

संवाददाता, लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल ने नगरीय निकाय चुनाव के नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु प्रत्याशियों की घोषणा की है। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों की पहली सूची जारी करते हुये बताया राया (मथुरा) से वीरेन्द्र सिंह, बलदेव (मथुरा) से रामकिशन वर्मा, राधाकुंड (मथुरा) से बृजकिशोर, (बागपत) से रियाजुददीन, खेकड़ा (बागपत) से रजनी धामा, मवाना (मेरठ) से अयूब कालिया, मोदी नगर (गाजियाबाद) से विनोद गौतम, लोनी (गाजियाबाद) से रंजीता धामा, पतला (गाजियाबाद) से रीता चौधरी, गंगोह (सहारनपुर) से शमा परवीन, अम्बेहटा पीर (सहारनपुर) से रेशमा, ननौता (सहारनपुर) से नावेद अख्तर, जलालाबाद (शामली) से अब्दुल गफ्फार, गढ़ी पुख्ता (शामली) से प्रमोद, कांधला (शामली) से मिर्जा फैसल बेग, खतौली (मुजफ्फरनगर) से शाहनवाज लालू, पुरकाजी (मुजफ्फरनगर) से बसारत खां, हल्दौर (बिजनौर) से अमर सिंह पम्मी, सहसपुर (बिजनौर) से शबाना जहीन को प्रत्याशी घोषित किया है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आकांक्षात्मक विकास खंडों को मिलेगा पुरस्कार

संवाददाता, लखनऊ। योगी सरकार उन आकांक्षात्मक विकास खंडों को पुरस्कृत करेगी जो विकास के कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। ऐसे विकासखंडों को पुरस्कार के रूप में 1 करोड़ रुपए प्रदान किये जाएंगे। वित्तीय वर्ष 2023-24 में नई मांग के माध्यम से संचालित योजनाओं में आवंटित बजट को आगामी तीन माह में व्यय किये जाने की कार्ययोजना में इसका प्रावधान किया गया है। कार्ययोजना के अंतर्गत प्रदेश के ऐसे आकांक्षात्मक विकासखंडों को प्रोत्साहित करने के लिए यह राशि प्रदान की जाएगी, जिन्होंने विकास कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनके प्रदर्शन की विभिन्न पैरामीटर पर समीक्षा करने के बाद यह राशि प्रदान किये जाने का प्रावधान किया गया है। इसके लिए नियोजन विभाग को 5 करोड़ रुपये का बजट भी प्रदान किया गया है। इसका मतलब ये की अधिकतम 5 विकासखंडों को उत्कृष्ट प्रदर्शन का इनाम मिल सकता है। इसके अतिरिक्त नियोजन विभाग को त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत 1500 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है जिसमें जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावित कार्यों पर मुख्यमंत्री की संस्तुति होते ही राशि निर्गत की जाएगी। इसी तरह फैमिली आईडी-एक परिवार, एक पहचान योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए 55 लाख की धनराशि का व्यय मानव संसाधन, प्रशिक्षण, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और अन्य मद में किया जाएगा। इसके लिए 2.20 करोड़ का बजट प्रस्तावित है।

### फारवर्ड ब्लॉक के मोहित मिश्रा ने बशीरत गंज गणेश गंज वार्ड-88 से भरा नामांकन

संवाददाता, लखनऊ। आल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी मोहित मिश्रा ने आज बशीरत गंज-गणेश गंज वार्ड नं-88 से नामांकन भरा। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी गौरव वर्मा सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। नामांकन के बाद मोहित मिश्रा ने विश्वास दिलाया कि वह गरीब, शोषित, वंचित, निर्धन कन्याओं, वृद्धा महिलाओं के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेंगे। श्री मिश्रा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बशीरत गंज-गणेश गंज में पिछले कार्यकाल में सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा और विकास के नाम पर सिर्फपत्थर ही लगते रहे, जिससे त्रस्त जनता ने पूरी तरह से बदलाव का मन बना चुकी है।

# असद एनकाउंटर पर उठ रहे सवालों पर न्यायालय को स्वत: संज्ञान लेना चाहिए : शाहनवाज आलम

संवाददाता, लखनऊ। अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा है कि माफिया और पूर्व सांसद अतीक के बेटे के कथित एनकाउंटर में हत्या पर जिस तरह सवाल उठ रहे हैं उस पर न्यायपलिका को स्वत: संज्ञान लेना चाहिए। ऐसा नहीं होने पर लोगों की नजर में अदालतों की अहमियत कम होती जाएगी, जो न्यायतंत्र के लिए घातक होगा। शाहनवाज आलम ने कहा कि जिस तरह संदेह के दायरे में आ चुके इस कथित एनकाउंटर के लिए एसटीएफके अधिकारियों के बजाए मुख्यमन्त्री आदित्यनाथ जी को उनके मन्त्री, भाजपा नेता और सरकार समर्थक मीडिया बधाई दे रही है। उससे यह संदेश जा रहा है कि खुद मुख्यमन्त्री ही हत्या में शामिल हैं। प्रदेश में इससे पहले भी कई अपराधी मुठभेड़ में मारे गए हैं लेकिन यह पहली बार हो रहा है कि मुख्यमन्त्री इसके लिए सीधे बधाई ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा और बसपा सरकारों में भी संदिग्ध मुठभेड़ होते थे लेकिन उसमें कम से कम एकाध पुलिस वालों को भी छर्रे से घायल दिखा दिया जाता था। लेकिन इस मामले में तो ऐसा भी करना जरूरी नहीं समझा गया। जबकि मारे गए अपराधियों के पास अत्याधुनिक हथियार होने का दावा किया जा रहा है। क्या ये हथियार उन्होंने सिर्फ मरने के बाद मीडिया वालों के फेटोशूट के काम आने के लिए रखे होंगे ? जिस बाइक से उनके धूल भरे रास्ते से भागने और फिर बाइक के पलट जाने की कहानी बताई जा रही है उसमें कोई खरोच भी नहीं है, टायर बिल्कुल साफ हैं। न तो बाइक में चाभी है न नेम प्लेट है, न चेचिस नम्बर। क्या कोई अपराधी बिना नेम प्लेट की गाड़ी से भाग कर खुद संदेह के दायरे में आ जाने का रिस्क लेगा सबसे अहम कि यह एक ऐसी कथित मुठभेड़ थी जिसकी संभावना हर व्यक्ति लगा रहा था। राज्य द्वारा किसी की संभावित हत्या की धारणा का सच साबित होना कानून के राज के लिए खतरे की घण्टी है। कानून के कस्टोडियन होने के नाते न्यायपालिका को इसे स्वत: संज्ञान लेना चाहिए।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिलीं अपर्णा यादव

## लखनऊ से लड़ेंगी मेयर का चुनाव

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव का ऐलान हो गया है जिसके बाद से सभी राजनीतिक पार्टियां अपने जिताऊ उम्मीदवार को मैदान में उतारने की तैयारी में है। कुछ पार्टियां अपने प्रत्याशियों का ऐलान का चुकी है तो कुछ करने वाली है। वहीं भाजपा भी अपने प्रत्याशियों की लिस्ट जल्द ही जारी कर सघ्कघ्ती घ्है। समाजवादी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुई स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। अब कयास ये लगाए जा रहे हैं कि भाजपा अपर्णा यादव को लखनऊ से मेयर पद का उम्मीदवार उतार सकती है। फिलहाल अभी पार्टी ने किसी के



नाम का एलान नहीं है किया है। माना जा रहा है प्रत्याशियों के नामों पर केंद्रीय नेतृत्व ही अंतिम फैसला लेगा।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मुलाकात के बाद इन चर्चाओं को और बल मिल रहा है कि अपर्णा यादव को बीजेपी मेयर पद का चुनाव लड़वा सकती है। हालांकि अभी पार्टी में टिकटों को लेकर मंथन चल रहा है। पार्टी सूत्रों की मानें तो 16 अप्रैल तक बीजेपी निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशियों का ऐलान कर देगी। अब देखना होगा कि क्या अपर्णा यादव को लखनऊ मेयर पद उतारती है घ्या नहीं ।गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने शहरी निकाय चुनाव की सिफारिशों को समायोजित करने हेतु उत्तर प्रदेश नगर निगम एवं नगर पालिका के नियमों में संशोधन के अध्यादेश को मंजूरी दी। उसके बाद निकाय चुनाव के लिए अधिसूचना जारी हुई। कर दी है। मेयर की 8 सीटें आरक्षित की गई है जबकि आगरा के महापौर सीट अनुसूचित जाति (महिला), झांसी की सीट अनुसूचित जाति (एससी) के लिए सुरक्षित की गई है। शाहजहांपुर और फि रोजाबाद की सीट ओबीसी (महिला), सहारनपुर और मेरठ की सीट ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग), लखनऊ, कानपुर और गाजियाबाद महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है। शर्मा ने बताया कि वाराणसी, प्रयागराज, अलीगढ़, बरेली, मुरादाबाद, गोरखपुर, अयोध्या, मथुरा-वृंदावन की आठ महापौर सीटें अनारक्षित की गई है।

# कानपुर वकीलों की हड़ताल समाप्त, जिला जज का स्थानांतरण

संवाददाता, लखनऊ। कानपुर में जिला जज के स्थानांतरण की मांग को लेकर आंदोलित अधिवक्ताओं की मांग मान ली गई है। जिला जज संदीप जैन को ज्यूडिशल ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट लखनऊ के लिए स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्हें तत्काल प्रभाव से वहां पहुंचने के आदेश हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने दिए हैं। जिला जज के स्थानांतरण को लेकर अधिवक्ता 15 मार्च से आंदोलित हैं। शुरुआत में सिर्फजिला जज की अदालत का बहिष्कार वकीलों ने किया था लेकिन मांग न माने जाने पर 25 मार्च से सभी अदालतों का न्यायिक और प्रशासनिक कामकाज ठप करा दिया गया था। हाईकोर्ट ने आंदोलनकारी बार व लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री समेत छह लोगों के खिलाफअवमानना वाद भी दर्ज करने के आदेश कर दिए थे। इसके बाद 12-13 अप्रैल को दो दिवसीय प्रादेशिक सम्मेलन कानपुर में बुलाया गया। इसमें 67 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और एक स्वर में आंदोलन को आगे बढ़ाने और साथ देने की बात की थी। मामला बढ़ता देख हाईकोर्ट ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र शर्मा व बारएसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनूप शुक्ला ने मामले में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार देर शाम जस्टिस डीके उपाध्याय व प्रशासनिक न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा से वार्ता हुई थी। इसमें बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश चंद्र त्रिपाठी, महामंत्री अनुराग श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अनूप शुक्ला समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हुए थे।अधिवक्ताओं ने बुलाई आम सभा यह बैठक सकारात्मक हुई थी, जिसमें संदेश मिल गया था।

# मुस्लिमों को वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल न करें राजनीतिक दल : अफाक

संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय सामाजिक कार्य करता संगठन के संयोजक मुहम्मद अफाक ने जारी अपने बयान में कहा कि आज भारत के मुसलमानों खासकर कमजोरों पर अत्याचार हो रहा है जबकि इस देश को संविधान के मुताबिक हर भारतीय नागरिक को अधिकार है. धन, धरती, शिक्षा और स्वास्थ्य सम्मान देश के प्रत्येक नागरिक का इस मामले में अधिकार है, लेकिन सांप्रदायिक राजनीतिक दल मुसलमानों का वोट लेना चाहते हैं, उन्हें उनकी समस्याओं के बारे में बात सुन्ना भी गवरा नहीं करते। 2022 में उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव हुवे जिस में 136 से अधिक सीटें मुसलमानों का लीडर खुद को बताने वालों की आई उन राजनीतिक नेताओं ने भी माना कि हमें मुसलमानों का 99 प्रतिशत वोट मिला है और 2022 के चुनाव के बाद सपा विधायकों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है और इस पर अखिलेश यादव की चुप्पी भी रहती है।

तथ्य यह है कि उन्हें उनकी कौम यादवों ने भी नजर अंदाज कर दिए था। आगे मोहम्मद आफाक ने दुख का इजहार करते हुवे कहा की मुसलमानों की आँखों से सपा, बसपा का चश्मा उतरना चाहिए, बसपा जिसकी पार्टी से मुस्लिम लीडरों ने करोड़ों रूपये की टिकट लेकर पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को मजबूत किया इसी तरह समाजवादी पार्टी भी मुसलमानों को ठगती रही. और इसे ही अपना वोट बैंक मानते रहे, जिसे 2022 में भी उन्हें सफलता मिली। अंत में मुहम्मद अफाक ने कहा कि अब म्युनिसिपल चुनाव होने जा रहा है, एक-एक वार्ड से कई मुसलमान लड़ने के लिए कतारबद्ध हैं, जबकि यह गलत है, बजाये खुद लड़ने के जो जीत रहा हो उस को जितायें, मुल्क और संविधान की रक्षा के लिए आगे आयें। यह देश सभी धर्मों के मानने वालों का है किसी एक का नहीं, इसका फैसला हम सब को मिलकर करना चाहिए।

# उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय-महाविद्यालय शिक्षक महासंघ की राज्य कार्यकारणी बैठक सम्पन्न

संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय-महाविद्यालय शिक्षक महासंघ की राज्य कार्यकारणी की बैठक में पुरानी पेंशन बहाली, निदेशालय में फैले भ्रष्टाचार और विभिन्न विश्वविद्यालयों में महाविद्यालय के परीक्षा और मूल्यांकन आदि का लंबित भुगतान निर्गत करने व व्यवस्था को बेहतर बनाने आदि मांगो को लेकर आंदोलन को तेज करने का फैसला लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ0 हरेंद्र कुमार राय, प्रदेश अध्यक्ष ने हर्षपूर्वक सबको अवगत कराया कि नई प्रबंध कार्यकारणी को डिप्टी रजिस्ट्रार, सोसाइटी, फर्म्स एंड चिट्स, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है और पंजीकृत सूची भी प्राप्त हो गयी है। उन्होंने आगे कहा कि वैचारिक स्पष्टता और मजबूत संगठन के आधार पर ही जुझारू संघर्ष सम्भव है, इसी को आगे और बेहतर बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।संगठन के महासचिव डॉ0 टी.एस. चौहान ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, निदेशालय में फैले भ्रष्टाचार और विभिन्न विश्वविद्यालय में महाविद्यालय के परीक्षा और मूल्यांकन आदि का लंबित भुगतान निर्गत करने व व्यवस्था को बेहतर बनाने आदि मांगो को लेकर आंदोलन को तेज किया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि हर जिले में सदस्यता का विशेष अभियान चलाकर संगठन को चुस्त-दुरुस्त बनाने की प्रक्रिया तेज की जाएगी और संगठन द्वारा शिक्षको की मांगों को लेकर एक मांगपत्र शासन और निदेशालय को भेजा जाएगा और जागरूकता के लिए कॉलेजों के स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा और दो महीने के अभियान के बाद नए सत्र में निदेशालय पर पूरे प्रदेश के शिक्षकों का धरना होगा। आज की बैठक में डॉ0 हरेन्द्र कुमार राय अध्यक्ष, डॉ0 प्रदीप शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ0 एस0 पी0 शुक्ला कनिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ0 टी0 एस0 चौहान महामंत्री, प्रो0 राकेश कुमार संयुक्त मंत्री, डॉ0 जितेन्द्र पाल संयुक्त मंत्री, डॉ0 अजय कुमार मिश्रा कोषाध्यक्ष, डॉ0 आलोक यादव सदस्यध्प्रेस प्रवक्ता, डॉ0 सूरज पाल साहू सदस्य, डॉ0 इन्दीवर सिंह चौहान सदस्य शामिल रहें।

# अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत स्कूलों में आग बचाव व उपकरणों को चलाने का सिखाया प्रशिक्षण

संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ मे अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत स्कूलों में आग बुझाने ,आग से बचाव एवं अग्निशमन उपकरणों को चलाने का प्रशिक्षण शिव दरस प्रसाद अग्निशमन अधिकारी द्वारा दिया गया। उन्होंने ने बताया अग्नि आपदा जोखिम के दृष्टिकोण से लखनऊ एक संवेदनशील महानगर है। अग्नि आपदाओं से ना केवल जन-सम्पत्ति ,राष्ट्रीय संपत्ति के साथ साथ जन-जीवन की भी हानि होती है। ऐसी दशा में जन जागरूकता, प्रशिक्षण एवं सतर्कता से अग्नि आपदा जोखिम को न्यूनीकरण किया जा सकता है ।शैक्षणिक संस्थान समाज और राष्ट्र के लिए वर्तमान एवं भावी की पीढ़ी तैयार करते हैं यहां



प्रशिक्षण देने पर अग्नि आपदा जोखिम न्यूनीकरण करने हेतु छात्र-छात्राओं के अन्दर अभ्यास करा कर किसी भी आगामी बड़ी से बड़ी घटनाओं से बचाव कार्य किया जा सकता है। सिटी मान्टेसरी स्कूल गोमती नगर लखनऊ और रॉयल माउण्ट एकेडमी विभाव खण्ड लखनऊ के छात्र छात्राओं को आग से बचाव ,आग बुझाने और अग्निशमन उपकरणों को चलाने का अभ्यास कराया गया है। साथ ही अग्नि से बचाव के लिए छात्र-छात्राओं के माध्यम से उनके परिवारिक जनों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जैसे बिजली के निर्धारित भार का ही प्रयोग करने का सुझाव दिया गया है ,बिजली के प्लाग में निर्धारित विद्युत उपकरण का प्रयोग करने से अग्नि दुर्घटनाओं पर विराम लगाया जा सकता है ।कई बार बिजली के प्रेस का उपयोग के बाद बंद करना भूल जाते हैं इसलिए विद्युत उपकरणों के प्रयोग के तुरन्त बाद उसे बन्द कर देना चाहिए ।मोमबत्ती ,चिराग, अंगेठी का अगर इस्तेमाल करना पड़े तो उसे सुरक्षित स्थान पर रखें ।एलपीजी गैस का सिलेंडर सदैव खड़ा रखें, रात्रि में सोने से पहले एलपीजी गैस सिलेंडर को रेगुलेटर से बंद कर दें ,एलपीजी गैस लीकेज करने पर किचन में किसी भी प्रकार के विद्युत उपकरणों को आंफ अथवा आन न करें। कार्यालय में धूम्रपान न करें घर व कार्यालय में धूम्रपान की स्थिति में बीड़ी और सिगरेट को बुझा कर फेंकें दे। प्रशिक्षण एवं बीमा स्टेशन में सिटी मांटेसरी स्कूल गोमती नगर की संगीता बनर्जी प्रधानाचार्य, ख्याति लम्बा, गरिमा जैन ,स्मृति दीक्षित एवं रुचिता सखरबाल अध्यापिकाओं सहित 900 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। रॉयल माउन्ट एकेडमी विभव खण्ड लखनऊ के श्री राम कुमार यादव प्रबंधक रामा शंकर ,रमन ,रामशेर, अशोक, मीरा, सावित्री एवं रामगुनी अध्यापिकाओं सहित 350 छात्र छात्राओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

# ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव ने टी बी के मरीजों को लिया गोद

संवाददाता, लखनऊ। ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव मनीष कुमार मिश्र ने बिहार राज्य कैमूर जिले के टी बी से ग्रसित एवम आर्थिक रूप से कमजोर चार मरीजों को गोद लिया । गोद लिये रोगियों को 1600-1600 रूपये की राशि से पौष्टिक आहार का पैकेट एव आर्थिक सहयोग के रूप में नकद राशि का लिफाफा टी बी के रोगियों को दिया गया। टीबी के चार रोगी के नाम शैलेश पासवान 22वर्ष गांव बसहा, मधु साह 38 वर्ष गांव सेन्दुरा, जिउत कुमार 22 वर्ष गांव दिग्घी,एव मुस्कान कुमारी 17वर्ष गांव सिलौटा के है। राष्ट्रीय सचिव मनीष कुमार मिश्रा के द्वारा उपरोक्त चार मरीजों को छ: माह तक पोषण आहार की सामग्री के पैकेट दिया जाता रहेगा ।मनीष कुमार मिश्र ने बताया 4 मरीज आर्थिक रूपसे बहुत ही कमजोर



है जब की टी बी के इलाज के दौरान बेहतर पौष्टिक आहार की जरूरत होती है उन्होंने बताया की तह मेरा सौभाग्य है की मेरे द्वारा गरीब मरीजों की सेवा का अवसर मिला है । पोषण आहार के पैकेट में चावल, आटा,दाल,गुड खजूर, चना, सरसों का तेल, नमक, अण्डा,बिस्किट ,प्रोटीन पावडर एव ड्राई फूड का पैकेट एवम फल दिया गया ।इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. संजय सिंह के साथ तमाम स्वास्थ कर्मी एवम क्षेत्र की जनता उपस्थित रही। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष अनुराग वर्मा ने दी।

# अतीक- अशरफ की हत्या सुनियोजित थी : रामगोपाल यादव

## पुलिस के हाथ में थी अतीक और अशरफकी हथकड़ी

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



इटावा। इटावा में सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो0रामगोपाल यादव ने सरकार पर हमला बोला है उन्होंने कहा है कि पुलिस के हाथ में अतीक और अशरफकी हथकड़ी थी, यह एक सुनियोजित हत्या है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो0रामगोपाल यादव ने अतीक अहमद और उनके भाई अशरफकी हत्या पर सरकार पर बड़ा हमला किया। सैफई स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि पुलिस के हाथ में अतीक और उनके भाई अशरफकी हथकड़ी थी दोनो की सुनियोजित हत्या की गई है। जांच करने वाली एजेंसी सही होगी तो बड़े-बड़े लोग इसमें फसेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा था कि मिट्टी में मिला देंगे इसलिए मारने वाले लोगों का कुछ होने वाला नहीं है। इसलिए यह घटना हुई। ऐसा पहले कभी यूपी के इतिहास में नहीं हुआ है। यह लोकतंत्र के खात्मे वाला रास्ता है। पहले राजशाही में ऐसा होता था। उन्होंने कहा कि मीडिया ट्रायल की वजह से अतीक और उसका भाई मारा गया। किसी भी केस में अतीक पर दोष सिद्ध नहीं हुआ था। ऐसे लोग भी बड़े-बड़े पदों पर बैठे हैं जिन्होंने बम फेंककर लोगों को मरवा दिया था। उनको कोई कुछ नहीं कहता है कि गैंगस्टर है। चाहे देश बर्बाद हो जाए चुनाव जीतने के लिए कुछ भी कर सकते हैं।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर पलटी स्लीपर बस

## 9 यात्री गंभीर रूप से घायल

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

ऊसराहार, इटावा। ऊसराहार थाना क्षेत्र अन्तर्गत गुजरे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर अनियंत्रित होकर एक प्राइवेट स्लीपर बस पलट गई जिसमें 9 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, पुलिस ने घायलों को रेस्क्यू कर इलाज के लिए चिकित्सालय भेजा है जबकि अन्य सुरक्षित यात्रियों को दूसरे वाहन से गन्तव्य को रवाना किया गया है। लखनऊ से दिल्ली जा रही स्लीपर बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर ऊसराहार थाना क्षेत्र ग्राम ताखा के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। जिनमें 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और यूपीडा के सुरक्षाकर्मियों ने घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस से पीजीआई सैफई भिजवाया है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर ताखा में रविवार सुबह करीब 8 बजे लखनऊ से दिल्ली सवारियों को लेकर जा रही डबल डेकर प्राइवेट स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे से बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम को दी गई। जानकारी पर यूपीडा के सुरक्षाकर्मी व पुलिस बल एंबुलेंस लेकर घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल 9 यात्रियों को एंबुलेंस से पीजीआई सैफई में भर्ती कराया। एक्सप्रेस-वे की लेन से क्षतिग्रस्त बस को हटवाकर यातायात सुचारु कराया गया। वहीं मामूली घायल यात्रियों का मौके पर उपचार कराया गया।



**घायल यात्री के नाम**

जगत दास पुत्र रामकिशोर निवासी हनुमान नगर थाना शिखर बिहार उम्र 25 वर्ष, मुन्नी देवी पत्नी मनमोहन सिंह निवासी उपरोक्त उम्र 35 वर्ष, अमित कुमार पुत्र राजू सिंह निवासी हनुमान नगर थाना सिवर बिहार उम्र 15 वर्ष, मनोज मंडल पुत्र रामखीलावन मंडल निवासी मारथौल दरभंगा बिहार, बैजंती देवी पत्नी उमेश प्रताप निवासी कमरिया खुर्द जिला छपरा बिहार उम्र 45 वर्ष, नितेश कुमार पुत्र प्रमोद कुमार निवासी तरलागी थाना बिशुनपुर दरभंगा उम्र 18 वर्ष, अवधेश कुमार पुत्र दामोदर प्रसाद निवासी कमरिया खुर्द जिला छपरा बिहार उम्र 30 वर्ष, आशु पुत्र उमेश चंद्र निवासी उपरोक्त उम्र 15 वर्ष, विपिन कुमार पुत्र हरिहर सदन निवासी हरलोचनपुर समस्तीपुर बिहार उम्र 20 वर्ष, थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि बचे हुए सवारियों को दूसरे वहान से उनके गंतव्य तक भेज दिया गया है। जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।

# पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो0 इलियास उर्फमन्नी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



रायबरेली। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हाजी इलियास उर्फ मन्नी ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने हाजी मो0 इलियास को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी की उपस्थिति में मौजूद कांग्रेसजनों ने फूल माला पहनाकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष का स्वागत किया। कांग्रेस पार्टी में शामिल होते ही हाजी इलियास ने सांसद श्रीमती सोनिया गांधी जी, प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी सासंद प्रतिनिधी केएल शर्मा, जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी एवं शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सपा से इस्तीफा देने के बाद कई राजनैतिक दलों ने पार्टी में शामिल होने का प्रस्ताव दिया लेकिन कांग्रेस की सभी जाति धर्मो को साथ लेकर चलने की विचारधारा से प्रेरित होकर मैं कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहा हूं उन्होने कहा कि मेरे साथ सैकड़ो समर्थकों ने सपा से इस्तीफा दे दिया है और बहुत जल्द सभी को कांग्रेस पार्टी में शामिल कराया जायेगा और निश्चित रूप से होने वाले नगर पालिका के चुनाव में इसका बड़ा असर दिखेगा। इस मौके पर एआईसीसी सदस्य सुशील कुमार पासी, पूर्व सदर प्रत्याशी डॉ0 मनीष सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष वीके शुक्ला, प्रवक्ता महताब आलम ओपी श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य राकेष सिंह राना, जिला पंचातय सदस्य वीरेन्द्र यादव, सईदुल हसन, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# न चढ़ते पारे की परवाह न तपती धूप की,,जारी रखा गोमती मित्रों ने अपना स्वच्छता श्रमदान



संवाददाता, सुलतानपुर। पारा लगातार चढ़ता जा रहा है और धूप सवेरे सात बजे से ही सर पे चढ़ जाती है लेकिन गोमती मित्रों के हौसले पर कोई फर्क नहीं पड़ता, उन्होंने हर रविवार होने वाला साप्ताहिक श्रमदान प्रात: छरूबजे से सीता कुंड धाम पर बदस्तूर जारी रखा, प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदद ने कहापौराणिक धामों की स्वच्छता एवं मां गोमती की अविरल धारा जिसके लिए वे तन मन से समर्पित रहते हैं,तीन घंटे अनवरत मेहनत करते हुए नौ बजे तक पूरे धाम परिसर और तट परिसर को साफसुथरा कर दिया गया,साथ ही सायंकाल होने वाली आरती के लिए भी पूरी तैयारी मुकम्मल कर दी गयी, श्रमदान में मुख्य रूप से उपस्थित रहे प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, संत कुमार प्रधान, राकेश मिश्रा (अधि.),आलोक तिवारी, डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, मुन्ना पाठक, अजय प्रताप सिंह, युवा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा,सुजीत कसौधन, अर्जुन यादव, तेजस्व पाण्डेय वासु,राज, दीपू, सचिन आदि।

# कम्पनी का एजेन्ट बन लाखों रूपये हड़पने व धोखाधड़ी का आरोप

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र में दो व्यक्तियों द्वारा कथित कम्पनी का एजेन्ट बनकर लाखों रूपये हड़प लेने का मामला प्रकाश में आया है। धोखाधड़ी की जानकारी होते ही दर्जनों भुक्तभोगियों ने थाने पहुंचकर आरोपियों के विरूद्ध धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की हैं। कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए पहरेमऊ ग्राम सभा निवासी काशी प्रसाद द्विवेदी, राजकुमारी, मिथलेश द्विवेदी, अमित कुमार आदित्य कुमार द्विवेदी, अरविन्द सैनी, मेहदी हसन, राजेश सिंह, अनुज कुमार, दीपक श्रीवास्तव सहित दर्जन भर से अधिक भुक्तभोगियों ने बताया कि वर्ष 2019 में गांव निवासी एक व्यक्ति व उनका साला जनपद फैजाबाद के डोभियारा थाना कुमारगंज निवासी ने स्वयं को आई विजन इंडिया क्रेडिट को-आपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के एजेन्ट हैं। कम्पनी 1 लाख रूपये पर एक वर्ष में 140000 रूपये फिक्स करने पर दे रही है। यही नही कभी कोई बात होती है या कम्पनी भाग जाती है तो समस्त धनराशि की अदायगी की जिम्मेदारी मेरी है, फिर चाहे जमीन बेंचकर ही आपको पैसा देना पड़े। परन्तु तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी वह पैसा नही लौटा रहा है। बार बार मांगकर और आरोपी के चक्कर लगाकर वह सभी थक चुके हैं। अब वह कह रहा है कि कम्पनी पैसा नही दे रही है तो मैं कहां से दूं। सभी भुक्तभोगियों ने पुलिस से उक्त धोखाधड़ी के मामले में कार्यवाही की मांग की है। मामले में कोतवाल श्याम कुमार पाल ने कहा कि मामले में जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# आम आदमी पार्टी जौनपुर के नगर पालिका अध्यक्ष पद की प्रत्याशी डॉ. चित्रलेखा सिंह बनाई गई

## समाजवादी पार्टी छोड़कर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



जौनपुर । आम आदमी पार्टी जौनपुर के जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह (मुन्ना) ने बताया कि जनपद के नगर पालिका अध्यक्ष पद हेतु भावी प्रत्याशी डॉक्टर चित्रलेखा सिंह को आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी बनाया गया यह खबर सुनने के बाद जिले में एक जगह जगह पर चर्चाएं होने शुरू हो गई क्योंकि डॉक्टर चित्रलेखा सिंह जनपद की वरिष्ठ समाजसेवीका तथा समाजवादी पार्टी की महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव थी और उन्होंने सपा पार्टी को छोड़ आज आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया । आम आदमी पार्टी के कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन बौद्ध प्रांत के प्रभारी डॉ अनुराग मिश्रा की अध्यक्षता एवं जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना, के नेतृत्व में रखा गया। जिसमें उपरोक्त जानकारी दी गई । समाजवादी पार्टी को छोड़कर आज डॉक्टर चित्रलेखा सिंह के साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता निम्न लोगों ने लियाद्द जिला सचिव (सपा) विजय सिंह बागी, मोती लाल (पूर्व अध्यक्ष दुर्गा पूजा महासमिति), अंसुमान सिंह (पूर्व अध्यक्ष टी डी कॉलेज), शौकत अली (पूर्व अध्यक्ष), जफर मसूद (अध्यक्ष मरकजी सीरत), श्रीमती रेनू तिवारी, सरिता मौर्या, इसूती मौर्य, पिंकी मौर्य, सुमन यादव, अरुण गुप्ता, संजय कन्नौजिया (सचिव विधानसभा सदर), जहीर भाई कालीचाबाद, अनिल साहू (पूर्व महासचीव दुर्गा पूजा महासमिति), सरताज अहमद, सलीम, विजय गुप्ता, आदर्श सिंह, देवेन्द्र सिंह, अभिषेक सिंह, इकराम, विजय, प्रताप, राजेश चौधरी, बलबीर यादव, कमला पटेल, ज्ञानद्रे यादव, डंपी सिंह, लालचंद्र, लोकेश, अजय शर्मा, रामनिर्जन, पप्पू भाई, नसीम, रतन गुप्ता इत्यादि सैकड़ों लोगों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए। इस प्रेस वार्ता में पार्टी की तरफ से प्रमुख रूप से शामिल हुए जिला प्रभारी कैलाश पटेल, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव हिंच नारायण तिवारी, जिला सह प्रभारी गुलाब सिंह राठौड़, समाजसेवी शत्रुघन सिंह (सोनू), समाजसेवी प्रदीप मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी, जिला सचिव डा. अमित श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, जिला कोषाध्यक्ष डॉ दिवाकर मौर्य, सदर विधानसभा अध्यक्ष शशिधर चौहान, पूर्व नगर अध्यक्ष बंटी अग्रहरी इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित हुए। उक्त जानकारी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी (बुद्धिमान) ने दिया । डॉक्टर चित्रलेखा सिंह ने कहा कि जनपद में समाजवादी पार्टी सिर्फ बाते करती है,समाज की लेकिन करती कुछ और है,उन्होंने कहा कि पार्टी में कुछ ऐसे क्षेत्रीय लोग हैं,जो की उन्हें आम जनता एवं लोगो से नही मतलब हैं,उन्हें अपने से मतलब हैं। इस लिए हमने सपा पार्टी छोड़ देश में सबसे तेजी से अपने अच्छे कार्यो की वजह से आगे बढ़ती हुई लोकप्रिय पार्टी आम आदमी पार्टी ज्वाईन कर रही हूं ।

# झौपड़ी में लगी आग गांव में मचा हाहाकार

संवाददाता, भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम नगला हीरे में बीती रात्रि पौने 2 बजे अज्ञात कारणों के चलते एक आवासीय झौपड़ी में भीषण आग लग जाने से ग्रामीणों में हाहाकार मच गया। झौपड़ी में आग लगने की सूचना पर बिना समय बिताए मौके पर पहुँची फायरविग्रेट मशीन ने ग्रामीणों के सहयोग से झौपड़ी की भीषण आग पर बमुश्किल काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया कि समय से यदि फायरविग्रेट मशीन नही पहुँचती तो झौपड़ी से निकली आग की लपटें अन्य आवासीय घरों व खेत खलिहानों को अपनी चपेट में ले सकती थी और एक बड़ा अग्निकांड घटित हो जाता। अग्नि पीड़ित वीरपाल व नेत्रपाल पुत्रगण पतवल सिंह ने बताया उक्त अग्नि काण्ड में उसकी आवासीय झौपड़ी के साथ उसमे रखा करीब 65 हजार रुपये का गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गया है।

# आईपीएल मैच पर सट्टा लगवाने वाले पांच गिरफ्तार

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




इटावा। इटावा शहर कोतवाली पुलिस ने बैटिंग ऐप के माध्यम से युवाओं का भविष्य बिगाड़ने वाले पांच सटोरिया आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी आइपीएल मैच के हर ओवर,जीत-हार पर सट्टा लगवाते थे। इनके पास से कैश, मोबाइल,कार और आईपीएल मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा लगाने से जुड़े उपकरण बरामद किए गए। पकड़े गए पांचों आरोपियों को पुलिस ने जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि कोतवाली पुलिस द्वारा पकड़े गए पांच आरोपियों में से चार आरोपी कोतवाली क्षेत्र के और एक आरोपी इकदिल क्षेत्र का रहने वाला है। पकड़े गए सभी आरोपी बैटिंग की मोबाइल ऐप के जरिए लोगों से मैच पर सट्टा लगवाते थे। मैच में बॉल फेंके जाने से पहले ही लोगों से रुपए लिए जाते थे और बताया जाता था कि अगर अगली बॉल पर प्लेयर चौका-छक्का या फिर आउट होता है,तो उनका पैसा डबल हो जाएगा। इसके अलावा कोई टीम कितने रन बनाती है, इसको लेकर भी बैटिंग होती थी। जीतने वालों को अधिक रूपया दिया जाता था, जिसकी लालच में लोग इनके जाल में फंस जाते थे। एसएसपी के मुताबिक इन आरोपियों के पास से पुलिस टीम ने 210000 रुपये नगद बरामद किए। इसके अलावा दो लैपटॉप,दो गाड़ियां और 10 मोबाइल फोन समेत अन्य सामान बरामद किया गया। इस गोरखधंधे का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एसएसपी की ओर से 15 हजार का इनाम दिया जाने का ऐलान किया गया,ताकि जनपद पुलिस का मनोबल बढ़ सके। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस बारे में आगे की जांच की जा रही है। मालूम किया जा रहा है कि इनके अलावा और कौन इस गोरखधंधे में शामिल हो सकता है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस को आरोपियों से पूछताछ में अहम जानकारी हाथ लगी है। पता चला है कि जनपद में कई ऐसे गिरोह सक्रिय हैं। जिनके बारे में पूरी जानकारी जुटाकर पुलिस जल्द ही कार्यवाही कर सकती है।

# प्रत्याशी को लेकर नाराजगी, दलों को पड़ सकती है भारी

- ❑ प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद बदले समीकरण
- ❑ बीजेपी व सपा में प्रत्याशी को लेकर कार्यकर्ताओं में खासी नाराजगी




स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

रायबरेली। रायबरेली नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी को लेकर दो बड़े राजनैतिक दलों समाजवादी पार्टी व भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद से समीकरण बदल गए हैं। दोनों ही दलों में प्रत्याशी को लेकर कार्यकर्ताओं में खासी नाराजगी है पार्टी के समर्थक व कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक बीरबल की पत्नी शालिनी कनौजिया को अपना प्रत्याशी बनाया है तो वहीं समाजवादी पार्टी ने पारसनाथ को अपना प्रत्याशी बनाया है। लेकिन दोनों ही दलों के कार्यकर्ताओ में प्रत्याशी के चयन को लेकर असंतुष्टि है।

**गैर राजनैतिक चेहरा होने से नाराज हैं भाजपा समर्थक**

भाजपा के समर्थक इसलिए नाराज हैं कि पार्टी ने मूल कार्यकर्ताओं की अनदेखी करते हुए एक चिकित्सक की पत्नी को टिकट दे दिया है समर्थकों का मानना है कि सालों से पार्टी के लिए संघर्ष करने वाले वैचारिक कार्यकर्ताओ को टिकट मिलना चाहिए था। शालिनी कनौजिया एक गैर राजनैतिक चेहरा हैं और एक चिकित्सक की पत्नी है बीजेपी ने पूर्व में भी एक जाने-माने डॉ के भाई को टिकट दिया था लेकिन वो भी चुनाव नहीं जीत सके थे! आम और गरीब आदमी की नजर में डाक्टरों की छवि बहुत अच्छी नहीं बची है, ऐसे में भाजपा समर्थकों की नाराजगी चुनाव में बीजेपी के लिए अच्छे संकेत नहीं दिखा रही है जबकि टिकट पाने वालों की लाइन में बुद्धिलाल पासी जैसे पुराने नेताओं की उपेक्षा से भी पार्टी के कार्यकर्ता नाखुश है।

**सपा के लिए बड़ा झटका, मो0 इलियास ( मन्नी ) के पार्टी छोड़ने से नहीं बचा कोई दमदार मुस्लिम चेहरा**

सबसे बड़ा राजनैतिक ड्रामा तो समाजवादी पार्टी में हो गया जहाँ पारस नाथ को प्रत्याशी बनाए जाने से नाराज समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता व नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष मो. इलियास उर्फ मन्नी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, और तत्काल ही वो कांग्रेस में शामिल हो गए। मो0 इलियास पार्टी के कार्यकर्ता ओम प्रकाश सोनकर को चुनाव लड़वाना चाहते थे लेकिन जब ओम प्रकाश सोनकर को टिकट नहीं मिला तो नाराजगी जताते हुए पार्टी छोड़ दी और कांग्रेस में शामिल हो गए। मो0 इलियास एक मजबूत जनाधार वाले नेता हैं, उनका पार्टी छोड़ कर कांग्रेस में शामिल होना समाजवादी पार्टी के लिए बहुत बड़ा झटका है, मो0 इलियास की लोकप्रियता सर्वमान्य नेता के रूप में है ऐसे में मो0 इलियास का कांग्रेस में जाना कांग्रेस के 2024 चुनाव के लिहाज से एक बड़ा लाभ है। लेकिन मो0 इलियास के जाने के बाद अब समाजवादी पार्टी के पास कोई दमदार मुस्लिम चेहरा नहीं बचा है और रायबरेली में समाजवादी पार्टी का बेस वोट भी खिसकता नजर आ रहा है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में हो पाना मुश्किल है। मो. इलियास ही नहीं समाजवादी पार्टी के अन्य नेता भी टिकट के चयन को लेकर नाराज हैं जिसमें एक बड़ा नाम राम सेवक वर्मा का भी है। पार्टी के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष राम सेवक वर्मा प्रत्याशिता की दौड़ में सबसे पुराने समाजवादी नेता थे जो लम्बे समय से पार्टी की विचारधारा से जुड़े हैं और दलित समाज में अच्छी पकड़ रखते हैं लेकिन पार्टी नेतृत्व ने उन्हें तरजीह नहीं दी जिसकी वजह से दलित समाज में भी खासी नाराजगी दिख रही है।

**प्रत्याशी चयन को लेकर सपा समर्थक सोशल मीडिया पर पार्टी नेतृत्व से जता रहे नाराजगी**

समाजवादी पार्टी में भी प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर भारी असंतोष है सपा समर्थक सोशल मीडिया पर पार्टी नेतृत्व पर प्रत्याशी चयन को लेकर नाराजगी जता रहे है, क्योंकि पार्टी के पुराने नेताओं की उपेक्षा करते हुए प्रत्याशी घोषित किया गया है! पहले अन्दजा लगाया जा रहा था कि नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव सपा और भाजपा के बीच होगा लेकिन मो. इलियास के कांग्रेस में जाने के बाद से अब यह चुनाव त्रिकोणीय होता दिख रहा है। भाजपा और सपा में प्रत्याशिता को लेकर चयन ने रायबरेली नगर पालिका के चुनाव को रोचक बना दिया है क्योंकि भाजपा को अपने कार्यकर्ताओ की नाराजगी और सपा से मुस्लिम वोटों के खिसकने का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

# समाजसेवी ने मेधावी छात्रों का किया सम्मान

## विद्यालय के नौ छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



भरथना, इटावा। भरथना विकास खण्ड क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम जारपुरा स्थित संचालित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 6 व 7 और कक्षा 8 के प्रथम,द्वतीय और तृतीय उत्तीण कुल 9 मेधावी छात्र-छात्राओं को क्षेत्र के ग्राम मल्होसी मुड़ेना निवासी जय किशन यादव ने पुत्र की स्मृति में प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया है। मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए क्षेत्र के समाजसेवी जय किशन यादव ने बताया कि वे अपने स्वर्गीय पुत्र के निधन होने के बाद से प्रत्येक बर्ष पुत्र की स्मृति में संकुल क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय पहुँचकर सम्मानित करते है जिससे क्षेत्र के मेधावी छात्रों का मनोबल बढ़ता रहे। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पीयूष गुप्ता ने बताया कि उनके विद्यालय में कक्षा 6 की कु0निशा प्रथम,कु0बबीता द्वतीय और अंकुश कुमार तृतीय, सहित कक्षा 7 में कन्हैया प्रथम, कु0 गीतांजलि द्वतीय और गुलशन ने तृतीय के अलावा कक्षा 8 की कु0 अर्चना प्रथम, कु0छवि द्वतीय और शिव सागर ने तृतीय स्थान पाकर मेधावी सम्मान प्राप्त किया है। मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह के दौरान ग्राम जारपुरा पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पीयूष गुप्ता के अलावा सहायक अध्यापक शैलेन्द्र यादव, रविन्द्र यादव, वेदप्रकाश यादव, जिला पंचायत सदस्य पुष्कर यादव आदि की उपस्थिति उल्लेखनी रही।

# बीएसपी समर्थित उम्मीदवार तबस्सुम खातून ने किया नामांकन

संवाददाता,ऊँचाहार, रायबरेली। रविवार को निकाय चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी की समर्थित व निर्दलीय उम्मीदवार ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। बहुजन समाज पार्टी की उम्मीदवार तबस्सुम खातून पत्नी मो शाहिद उर्फराजू ने पार्टी के मंडल जोन इंचार्ज रामबाबू अम्बेडकर व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमशंकर गौतम के साथ तहसील मुख्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया, जिसके बाद उन्होंने बातचीत के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती, प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, एमएलसी डॉ भीमराव अंबेडकर, जिलाध्यक्ष बाल कुमार गौतम समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया, इसके अलावा उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिला तो नगर का विकास कराना पहली प्राथमिकता होगी। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी उषा साहू ने बेटे रामू साहू के साथ पहुंचकर नामांकन दाखिल किया और नगर के सर्वांगीण विकास को पहली प्राथमिकता बताया। उनके साथ अंकित मिश्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# चुनार क्षेत्र के भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय टेकौर में एम0डी0एम0 के भोजन को खाकर गुणवत्ता को परखा

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

मीरजापुर। नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा चुनार क्षेत्र में संवेदनशील मतदेय स्थलो के निरीक्षण के दौरान जब प्राथमिक विद्यालय टेकौर चुनार पहुंची तो वहां पर कक्षा-4 के क्लास में पहुंचने पर बच्चो घुल मिल गयी। इस दौरान जिलाधिकारी ने एक छोटी से बच्ची को बुलाकर गणित में जोड़, घटाव व गुणा आदि के बारे में जानकारी की, उस छात्रा के द्वारा बेबाक श्यामपट्ट पर लिखकर उत्तर दिया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सराहना की गयी तथा स्वंय बच्चों को श्यामपट्ट पर कई सवाल पढ़ाया गया। जिलाधिकारी ने क्लास के निकलते वक्त बच्चों अनुरोध पर उनके साथ फोटो खिचवायी तथा मेहनत व लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करने की अपील की। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने स्कूल के रसोईघर में जाकर बन रहे एम0डी0एम0 के भोजन को भी देखा तथा बनाये गये भोजन में दाल और सब्जी को मंगाकर स्वंय खाकर गुणवत्ता को परखा। निरीक्षण के दौरान बनाये गये



भोजन की गुणवत्ता ठीक पाया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चुनार नवनीत सेहारा, उप जिलाधिकारी मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार नूपुर सिंह उपस्थित रही।

# जिलाधिकारी ने निर्वाचन कंट्रोल रूम का किया आकस्मिक निरीक्षण

संवाददाता, शाहजहाँपुर। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कक्ष संख्या-07 में स्थापित कन्ट्रोल रूम का जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम प्रभारी वरुण कुमार सिंह को निर्देश दिए कि प्राप्त सूचनाओं एवं शिकायतों पर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि समस्त प्रकार की सूचनाओं का संग्रहण एवं प्रेषण तथा निर्वाचन के दौरान प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों एवं उड़नदस्ता आदि टीम से समन्वय स्थापित करने हेतु कलेक्ट्रेट कक्ष संख्या-07 में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम अनवरत रूप से सप्ताह में सातों दिन 24 घंटे संचालित किया जा रहा है, जिसमे कर्मचारियों की तैनाती की जा चुकी है। निर्वाचन के दौरान सम्बन्धित इलैक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया, प्रिन्ट मीडिया का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण कन्ट्रोल रूम द्वारा किया जायेगा तथा निर्वाचन के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की सूचना कंट्रोल रूम के दूरभाष संख्या 05842-297105 एवं 05842-297106 पर दी जा सकती है।

# प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध एफआई. आर. दर्ज कराए जाने के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश



स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

शाहजहाँपुर। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आगामी नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत तैनात किए गए रिजर्व रिटर्निंग अधिकारियो एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियो का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी को निर्देश दिए कि सम्पूर्ण प्रक्रिया को अच्छी प्रकार से समझकर सकुशल निर्वाचन संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पूर्ण रूप से निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया संपादित कराई जाये और दिए गए कार्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें। प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के कड़े निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि 13 अप्रैल को आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर सहायक निर्वाचन अधिकारी सुधीर दीक्षित (वरिष्ठ सांख्यिकीय सहायक, उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद) एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश सिंह (सहायक अभियंता निर्माण खंड 2) के अनुपस्थित पाए जाने एवं शिथिलता बरतने के कारण नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि शिथिलता बरतने व परिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी। सभी निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारी को चेतावनी दी गई है कि निर्वाचन कार्य को गंभीरतापूर्वक कराना सुनिश्चित करें, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सुसंगत धाराओं में मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा। कोई भी अधिकारी और कर्मचारी निर्वाचन से ड्यूटी कटवाने का कतई प्रयास न करें अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## वर्षो से गंदगी झेल रहे स्थानीय लोग जर्जर रास्ता बना मुसीबत



स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता, बहराइच।। विगत लगभग एक वर्ष से गुल्लाबीर मन्दिर के पास रास्ता जर्जर है जिस पर हमेशा जलभराव रहता है स्थानीय लोगों ने कहा कि काशीराम कॉलोनी (छोटी कॉलोनी) से यह पानी आता है और बताया की कई बार ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई गई लेकिन आला अधिकारी ऑफिस में बैठे बैठे ही रिपोर्ट लगा देते हैं। मन्दिर की तरफ जाने वाला रोड जर्जर होने से मन्दिर में जाने वाले श्रद्धालुओं को भी बहुत दिक्कतें आती है। जहां एक तरफ योगी सरकार गड्ढामुक्त रास्ता बना रही है। वहीं कुछ आला अधिकारियों की लापरवाही से श्रद्धालुओं व जाने वाले तमाम लोगों को भारी दिक्कतें आ रही हैं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एसपी ने कालपी में हो रहे नामांकन प्रक्रिया का लिया जायजा



स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

उरई (जालौन)। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी चाँदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु तहसील कालपी में हो रहे अध्यक्षों व सदस्यों के नामांकन प्रक्रिया को लेकर व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण कर निर्वाचन नामांकन प्रक्रिया व चुनाव संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर से नामांकन प्रक्रिया फीडिंग आदि के संबंध में जानकारी ली साथ ही निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार सभी प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्वाचन से संबंधित सभी प्रकार की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहें नामांकन कक्षों में वीडियोग्राफी, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, रूट, की स्थिति की जानकारी ली और निर्देशित किया के सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कालपी अभिषेक कुमार आदि संबंधित मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के आयोजन में हुआ विस्तार

## अब महीने में चार बार होगा आयोजन, हर माह की पहली, नौ, 16 और 24 तारीख को होगा आयोजन

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

उरई (जालौन)। जनपद में अधिक से अधिक महिला व शिशु को लाभान्वित करने के उद्देश्य से चल रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का विस्तार किया गया है। हर माह के 9 और 24 तारीख को चलने वाला यह अभियान अब 1 और 16 तारीख को भी चलेगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एनडी शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि अब महीने में चार बार आयोजन होने से अब ज्यादा से ज्यादा महिलाएं लाभान्वित हो सकेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पत्र जारी करके निर्देशित करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं के चिन्हाकंन करने के साथ ही साथ महिलाओं को जांच और इलाज में प्राथमिकता देने के साथ ही उनके उपचार के लिए विशेष व्यवस्था भी करने का काम करेगी। इसके पूर्व में पीएमएसएमए दिवस हर महीने की 9 और 24 तारीख को मनाया जाता रहा है। अब इस अभियान को विस्तार किया गया और 1 और 16 तारीख को भी आयोजन करने का फैसला लिया गया है।अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरसीएच डॉ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए चलाया जाता है। अभियान के दौरान प्रसव पूर्व जांच एवं अन्य सुविधाएं गर्भवती महिलाओं को एक से अधिक बार उपलब्ध कराया जाता है। सामान्य जांच के दौरान हाई रिस्क प्रेगनेंसी होने वाली महिलाओं को चिन्हित करके उनको आवश्यक डॉक्टरी सलाह दिया जाता है।विभिन्न कारणों से जोखिम गर्भावस्था मातृ शिशु की मृत्यु का कारण बनती है। प्रसव पूर्व छोटी बड़ी कई कमियों का सामने नहीं आ पाना इसकी प्रमुख वजह है। गर्भवती को महिलाओं को चिन्हित उच्च रक्तचाप, गंभीर रक्ताल्पता, मधुमेह, दिल की बीमारी, क्षय रोग, मलेरिया आदि की स्थिति में जोखिम बना रहता है। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य ऐसी महिलाओं को प्रसव पूर्व ही चिन्हित कर उपचार करना है। इससे कि प्रसव के दौरान खतरनाक स्थिति न बने। प्रसव पूर्व जांच में ऐसी महिलाओं को चिन्हित कर सरकारी अस्पतालों मंर उनका उपचार किया जाएगा।जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता रूबी वर्मा ने बताया की अब तक प्रत्येक माह की 9 तारीख को सभी स्वास्थ्य इकाइयों में पीएमएसएमए मनाया जा रहा था। अब इसमें और तेजी लाने के लिए प्रमुख सचिव ने इसे हर माह 1 और 16 तारीख को भी जनपद की एफआरयू ( फर्स्ट रेफरल यूनिट ), जिला महिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में यह अभियान चलाया जाएगा। इसमें द्वितीय व तृतीय त्रैमास की गर्भवती की जांच होगी। उन्होंने बताया कि हर माह की 9 तारीख को जनपद के जिला महिला अस्पताल सहित ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य इकाईयों में और हर माह की 24 तारीख को जनपद की एफआरयू ( फर्स्ट रेफरल यूनिट) में यह आयोजन किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि यदि उक्त तिथियों में अवकाश होता है तो यह आयोजन अगले कार्य दिवस में होगा।

# गहमागहमी के बीच सम्पन्न चुनाव में बब्लू शुक्ला अध्यक्ष,नीरज अग्रवाल महामंत्री बने



स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

जरवलरोड बहराइच। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल जरवलरोड का चुनाव गहमागहमी के बीच सम्पन्न हुआ,जिसमें सत्येंद्र शुक्ला उर्फ बबलू को अध्यक्ष तथा नीरज अग्रवाल को महामंत्री चुना गया है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल जरवलरोड का चुनाव गहमागहमी के बीच चुनाव जिले के पर्वेक्षकों नगर अध्यक्ष कुलभूषण अरोरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजमोहन मातनहेलिया,महामंत्री दीपक सोनी दाऊ जी और रिटर्निंग अधिकारी मनीष मल्होत्रा के देखरेख में रविवार को सम्पन्न हो गया। व्यापार मण्डल अध्यक्ष और महामंत्री पदों पर दो दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अध्यक्ष पद पर सतेन्द्र शुक्ला उर्फ बब्लू 317 मत पाकर विजयी घोषित हुए है । कृष्ण कुमार गुप्ता 226 पाकर दूसरे स्थान पर रहे। 35 मत अवैध घोषित किया गया। महामंत्री पद पर नीरज अग्रवाल 349 मत पाकर विजयी घोषित किए गए है।चन्द्र कुमार जैन 200 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। 29 मत अवैध घोषित किया गया। नगर अध्यक्ष श्री अरोड़ा ने बताया कि व्यापारियों को आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे के साथ मिलकर चलना है और आपसी मतभेद भुलाकर काम करें।व्यापार मण्डल चुनाव में विजयी पदाधिकारियों को जितेन्द्र सिंह,अनुज गुप्ता, पुत्ती लाल यादव,प्रदीप कनौजिया, राहुल सिंह, प्रदीप जयसवाल, सुनिधि मिश्रा, अंकुर पाठक,मुन्ना लाल पटवा,प्रमोद गुप्ता, संजय शुक्ला, दुर्गेश सोनी,शुभम गुप्ता, प्रिन्स शुक्ला, अखिलेश गुप्ता सहित लोगों ने खुशी ब्यक्त किया है।

# रोजेदार बेसब्री से ईद चाँद के दीदार का कर रहे है इंतजार

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

उतरौला( बलरामपुर )। रोजेदार बेसब्री से ईद के चांद के दीदार का इंतजार कर रहे हैं। ईद पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए लोग तैयारी में जुटे हैं। ईद का पर्व हो और सेंवई का जिक्र ना हो ऐसा मुमकिन ही नही हैं। क्योंकि सेंवई के बिना ईद का त्योहार पूरा नहीं होता। ईद को लेकर शहर के चौक-चौराहों पर सजी सेवईयों की दुकानें बरबस ही लोगो को अपनी ओर खींच रही है। बाजारों में दुकानो पर सेंवई खरीदने वाले दिल खोलकर खरीदारी कर रहे हैं। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में सेंवई की दुकानों की भरमार है। खरीदारों की चहल कदमी से बाजार जाम है। जरूरत के मुताबिक कई किस्म की सेवईयों ने भी अपना जगह बना लिया है। सेवई व्यापारी शहजाद कहते है कि वैसे तो सेवई की बिक्री रमजान के पूरे महीने होती है। लेकिन जैसे-जैसे ईद नजदीक आता जाता है। वैसे-वैसे खरीदारी बढ़ती चली जाती है।

**कलकतिया व डबल जीरो सेवई की बड़ी डिमांड**

ईद को लेकर हर वैरायटी की सेवई बाजार में उपलब्ध है। सेंवई विक्रेता ने बताया कि सबसे अधिक कलकत्ता के बने कलकत्ता करोड़िया सेवई की डिमांड है। किमत 400 से 500 किलो है। वही पटना, भागलपुर और गया के बने सेंवई की भी डिमांड अधिक है। जो 150 से लेकर 250 तक बिक रहें है। सबसे अधिक डबल जीरो की डिमांड बढ़ गई है। ईद पर्व की तैयारी के लिए सेवई की खरीदारी जोरों पर है।

**टोपी व इत्र की खरीदारी**

ईद को लेकर इत्र और टोपी की भी काफी सारी वैरायटी बाजार में मौजूद है। इत्र व टोपी विक्रेता मौलाना अब्दुल अहद ने कहा कि हमारे पास एक से बढ़कर एक टोपी की वैरायटी मौजुद है। 20 रुपये से लेकर 500 तक की टोपी मंगाई गई है। ईद पर इत्र की अनेक खुशबू बाजार में अपनी महक बिखेर रहे हैं। प्रमुख इत्र में मजमूआ, जन्नतुल फिरदौस, मुशक, हजारा, आइस ब्लू, आइस बर्ग, बेली, खस्क जैसी कंपनियो के इत्र ग्राहको के लिए उपलब्ध है। इत्र बाजार में ग्राहको के लिए 50 रुपये से लेकर 400 रुपये तक उपलब्ध है। ईद को लेकर सूरमा की भी डिमांड बढ़ी है। सूरमा की मांग को देखते हुए दुकानदार भी कई सारी वैरायटी बाजार में उतारे है। सूरमा बाजार में 10 से लेकर 50 रुपये उपलब्ध है।

**ब्रांडेड कुर्ता-पायजामा पहली** पसंद बाजारों में ईद की रौनक दिखने लगी है। इसको लेकर युवा वर्ग कुर्ता पाजामा, कलीदार, अलीगढ़ कुर्ता पाजामा, पठानी, शेरवानी, ड्रेस की अधिक डिमाड है। वस्त्रों के विक्रेता इमरान के अनुसार लोगों में ब्रांड के प्रति रुझान बढ़ा है। यही कारण है कि युवा ब्रांडेड कपंनियों के कपड़ों की खरीदारी करने को ज्यादा उत्सुकता दिख रहे हैं। कुर्ता पायजामा में भी ब्रांड ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर वस्त्र बाजार का विकल्प बढ़ा दिया है। वहीं लेडिज कपड़ो के विक्रेता ने बताया लड़कियों की पहली पंसद नायरा सूट, पैंट पलाजो, गाउन फ्राक, शरारा, गरारा, कमीज, लहंगा चोली, कुर्ती सलवार की अत्यधिक डिमांड है।

# आईटी सेल के प्रदेश सचिव का हुआ भव्य स्वागत

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



बहराइच । निर्बल इण्डियन शोषित हमारा आमदल निषाद पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश सचिव आइटी सेल का जनपद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। निर्बल इण्डियन शोषित हमारा आमदल निषाद के प्रदेश सचिव श्यामकेष उर्फ बालकेश कश्यप के नेतृत्व में निषाद पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने धनराजपुर में आईटी सेल के नव नियुक्त प्रदेश सचिव आईटी सेल मंजीत कुमार कश्यप उर्फ गुड्डू भैय्या का भव्य स्वागत किया।प्रदेश सचिव बनने के बाद प्रथम बार गृह जनपद पहुंचने पर लखनऊ बहराइच हाइवे के धनराजपुर मोड पर हुए स्वागत से अभिभूत श्री कश्यप ने कहा कि वह कार्यकर्ताओं के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.संजय निषाद के हाथों को मजबूत करें। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी राहुल कश्यप, जिला मीडिया प्रभारी विक्रम निषाद, रमेश निषाद, राजेन्दर निषाद, राजेश निषाद, डा0 गुरुदीन निषाद, पारस नाथ निषाद,गया प्रसाद कश्यप, राजित राम कश्यप, ननकू निषाद, राम शंकर, संदीप लाल,गोविन्द आनन्द कुमार,जगमोहन ,राम चन्द्र निषाद, गंगाराम कश्यप ,शिव कुमार निषाद आदि लोग मैजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजवादी पार्टी ने निवर्तमान अध्यक्ष शाहीन सुल्तान को बनाया उम्मीदवार

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। नगर निकाय के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने एक बार फिर से निवर्तमान अध्यक्ष शाहीन सुल्तान पर भरोसा जताते हुए उन्हें अपना उम्मीदवार घोषित किया है, रविवार की दोपहर बाद जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने उन्हें पार्टी द्वारा संस्तुति पत्र सौंपा है। वहीं शाहीन सुल्तान को सपा उम्मीदवार बनाये जाने पर उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, स्थानीय सपा विधायक डॉ मनोज कुमार पांडेय व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव को धन्यवाद ज्ञापित किया है। वहीं उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि नगर की जनता का आशीर्वाद दोबारा मिला तो अधूरे पड़े हुए विकास कार्यों को पूरा कराया जायेगा। इस मौके पर उनके पुत्र अरशद सुल्तान भी मौजूद रहे।

### युवक को गांजे के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। कोतवाली पुलिस ने रविवार की सुबह कंदरावां चौराहे के पास खरौली रोड से एक युवक को 1100 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया कि विनोद कुमार निवासी विकास नगर सलोन कस्बा कोतवाली सलोन को एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेजा गया है, उसके पास से 1100 ग्राम गांजा बरामद किया गया था।

### प्रत्याशियों के चयन को लेकर चल रही अटकलोपर लगा विराम

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। तहसील क्षेत्र की तीनों नगर पंचायतों में प्रत्याशियों के चयन को लेकर कई दिनों से चल रही अटकलों पर आज विराम लगता दिखा। नामांकन पत्रों की बिक्री के छठवें दिन तक बछरावां व शिवगढ़ नगर पंचायत में भाजपा, कांग्रेस, सपा व बसपा ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। वहीं महराजगंज नगर पंचायत में भाजपा से सरला साहू , सपा से फिरोज अहमद व बसपा से मोहम्मद ताहिर को प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतार दिया गया है। महराजगंज नगर पंचायत में कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रत्याशी की घोषणा न करने से अभी भी सस्पेंस बरकरार है। कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा न होने से अंदर खाने लोग यह भी चर्चा कर रहे हैं कि क्या महराजगंज में इस बार कांग्रेस प्रत्याशी नही उतारेगी।

### इफ्तार पार्टी का आयोजन किया वतन की सलामती के लिए दुआ माँगा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर। जिले के डुमरियागंज में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ऑफिस पर दावते इफ्तार का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडे सहित जिले के तमाम नेता व सैकड़ों की संख्या में रोजेदारों ने शिरकत की मुल्क व समाज के बेहतरी व अमन-चौन के लिए दुआ मांगी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व इटवा से सपा विधायक माता प्रसाद पांडे ने बताया कि इफ्तार पार्टी के आयोजन से भाईचारे की एक मिसाल पेश होती है और जो रोजेदार इस इफ्तार पार्टी में शामिल होते हैं एक साथ बैठकर लोग मुल्क के खुशहाली व तरक्की के लिए लोगों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए ऊपर वाले से दुआ मांगते हैं और एक साथ बैठकर अपने रोजे को खोलते हैं जिसमें सभी लोग एक समान होते हैं जो हमारे हिंदुस्तान की एक खूबसूरत तस्वीर है वह निकल कर सामने आती है।उपस्थित कांग्रेस पार्टी के चेयरमैन प्रत्याशी इटवा डावनादिर सलाम, मोहसिन अली,पूर्व विधान सभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, आमीन फारूकी,आदि उपस्थित रहे हैं।

### बसपा नेता के शाने गुल गार्डन में हुआ रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन

संवाददाता, पीलीभीत। कस्बा न्यूरिया टनककपुर रोड पर स्थित शाने गुल गार्डन में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमे कस्बे के सभी सम्मानित नागरिकों ने रोजा इफ्तार पार्टी में शिरकत की रोजा इफ्तार पार्टी में शाने गुल गार्डन के मालिक फरीद अहमद बसपा नेता ने कई तरह के पकवान बनवाए थे और सभी तरह के फल फ्रूट जूस सलाद बेहतरीन तरीके का शरबत का भी इंतजाम किया गया था और रोजा इफ्तार करने के बाद नमाज अदा करने का भी इंतजाम किया गया था पहले सभी कस्बा वासियों ने रोजा इफ्तार किया फिर उसके बाद सभी ने नमाज अदा कर मुल्क के अमन चौन की दुआ मांगी। इस मौके पर बसपा नेता फरीद अहमद, हसीब अहमद गुड्डू केके हाजी मोहम्मद इरफान खान पूर्व चेयरमैन हिलाल अहमद मोहम्मद उमर शकील अहमद रहीस अहमद अफजाल अहमद मोहम्मद सलीम अनीस अहमद नदीम अहमद मुनाफहाजी मोहम्मद कमर जमाल अहमद नूर मोहम्मद अय्यूब अकील अहमद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे

### संक्रमितों के संपर्क में आए 450 लोग चिह्नित

संवाददाता, पीलीभीत। जनपद में कोरोना के बढ़ते मामलों के बाद स्वास्थ्य विभाग गंभीरता बरत रहा है। शुक्रवार देर शाम आई रिपोर्ट में 18 नए मामलों की पुष्टि होने के बाद संक्रमितों के संपर्क में आने वालों को चिह्नित करना शुरू किया गया था। अलग-अलग क्षेत्रों में टीमों ने करीब 450 लोगों को चिह्नित कर कोरोना जांच के लिए नमूने भेजे हैं।जनपद में कोरोना की चौथी लहर के बाद 65 मामले सामने आ चुके हैं। सर्वाधिक मामले शुक्रवार को सामने आए थे। शासन की सख्ती के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनपद में भी सक्रियता बढ़ा दी गई है। जिला मुख्यालय के अलावा सीएचसी स्तर पर भी जांचों का दायरा बढ़ाया गया है। रोजाना आईआरटीपीसीआर और एंटिजन किट से कोरोना की जांच की जा रही है। आई रिपोर्ट में 18 मामलों की पुष्टि होने के बाद संक्रमितों के संपर्क में आने वालों को भी चिह्नित किया जा रहा है। अमरिया, पूरनपुर, बिलसंडा, मरौरी और ललौरीखेड़ा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने संक्रमितों के संपर्क में आने वाले करीब 450 लोगों को चिह्नित किया है। सीएमओ डॉ आलोक कुमार ने बताया कि संक्रमितों के संपर्क में आने वालों को ट्रेस किया जा रहा है। कोरोना की स्थिति पर रखने के लिए नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं।

### बागी प्रत्याशी बिगाड़ सकते हैं चुनावी समीकरण

संवाददाता, उतरौला(बलरामपुर)। नगर निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद पर भाजपा व सपा के बागी प्रत्याशी चुनावी समीकरण बिगाड़ सकते हैं।भाजपा में अध्यक्ष पद के दावेदारों में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनूप चंद गुप्त की पत्नी सविता गुप्ता,अमरनाथ गुप्त,देवानंद गुप्ता,रूपेश गुप्ता टिकट की होड़ में हैं। पार्टी नेतृत्व को इनमें से किसी एक को सर्वमान्य प्रत्याशी का चयन करने में कठिनाई हो रही है।ऐसे में पार्टी का टिकट न मिलने पर इनमें से कोई भी स्वतंत्र उम्मीदवार बनकर पार्टी का गुणा-गणित खराब कर सकता है।इसी तरह समाजवादी पार्टी में निवर्तमान नपाध्यक्ष स्वर्गीय मोहम्मद इदरीश खां की पत्नी अफसर जहां ,एजाज मलिक,रब्बू सिद्दीकी,डा0हिना कौशर,डा0मोहम्मद इसराईल राईनी,शाकिब महमूद,मोहम्मद शरीफबीरे, मोहम्मद नसीर व मोहम्मद अबरार टिकट के दावेदारों में शामिल हैं। यहां भी टिकट न मिलने पर बागी प्रत्याशी चुनाव मैदान में कूद सकता है क्योंकि सपा के दो पूर्व विधायकों के बीच नगर में अलग-अलग प्रत्याशियों के सहारे अपना वर्चस्व कायम करने की कवायद हो रही है। इसी बीच बसपा ने अध्यक्ष पद के लिए दलित वर्ग से राजा भारती को भी चुनाव मैदान में उतार दिया है।जो भाजपा के परंपरागत वोटों सेंधमारी कर इस पार्टी के लिए मुसीबत बन सकता है। कांग्रेस पार्टी ने मंजूर कुरैशी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है।इसी तरह सभासद प्रत्याशियों को लेकर भाजपा व सपा में गहन मंथन चल रहा है। फिलहाल अध्यक्ष व सभासद पद के प्रत्याशियों की घोषणा होने तक सभी दावेदार चुप हैं लेकिन कल तक पार्टियों के अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा के बाद बागियों की रणनीति को लेकर परिदृश्य पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगा।

# जिलाधिकारी ने नामांकन कक्षों की व्यवस्थाओं को परखा

## आचार संहिता के नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित की जाये : डीएम

संवाददाता



प्रयागराज। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन नामांकन कक्षों का निरीक्षण शनिवार को पुलिस आयुक्त रमित शर्मा एवं जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार खत्री ने किया।अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन,एडीएम वित्त एवं राजस्व,एडीएम आपूर्ति, सीआरओ, नगर मजिस्ट्रेट कक्ष, एसीएम-2, चकबंदी कार्यालय, एसओसी, एसडीएम सदर,तहसीलदार कक्ष, एएसडीएम आदि कक्षों में बनाये गये नामांकन केन्द्रों का निरीक्षण किया।उन्होंने प्रत्येक प्रवेश द्वार पर एक मजिस्ट्रेट सहित पुलिस कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने आचार संहिता के नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने की बात कही है।प्रत्येक नामांकन कक्ष में नामांकन सामाग्री की उपलब्धता, सीसीटीवी कैमरा की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता, वीडियोग्राफी, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था,पीने के पानी, घड़ी आदि को देखा। जिलाधिकारी ने प्रत्येक नामांकन कक्ष में कितने लोगो के द्वारा नामांकन पत्र लिया गया है की जानकारी सम्बंधित अधिकारियों से प्राप्त की। प्रत्येक कक्ष के सामने लगायी गयी बैरिकेटिंग का निरीक्षण किया तथा कहीं-कहीं पर बैरिकेटिंग सही से न लगाये जाने पर बैरिकेटिंग सही कराने का निर्देश दिया है। पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने प्रत्येक नामांकन कक्ष में आने-जाने के रास्ते का निरीक्षण एवं वहां पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने वहां पर उपस्थित पुलिस विभाग के अधिकारियों को सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने एवं बिना जांच के कोई भी व्यक्ति नामांकन कक्ष में न जाने पाये के निर्देश दिए है।निरीक्षण के दौरान एडीएम सिटी मदन कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सत्यप्रिय सिंह सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म कर वीडियो बनाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता




प्रयागराज। थाना फूलपुर में पंजीकृत मु.अ.सं. 45/2023 धारा 376/504/506 भा.द.सं.में वांछित अभियुक्त अल्ताफ उर्फ मोहम्मद शादाब पुत्र स्व.मोहम्मद युसुफ निवासी ग्राम लिलहट थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज को थाना फूलपुर पुलिस द्वारा शनिवार को मुखबिर की सूचना पर थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत नरई नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अल्ताफ उर्फ मोहम्मद शादाब पुत्र स्व. मोहम्मद युसुफ निवासी ग्राम लिलहट थाना फूलपुर, उम्र 35 वर्ष है। पुलिस ने बताया कि एक महिला ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया कि उनकी पुत्री को अभियुक्त अल्ताफ पुत्र युसुफ व उसके साथी शनी पुत्र अशोक द्वारा बहला फुसलाकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाना। इतना ही नहीं वीडियो बनाकर धमकी देने के सम्बन्ध में थाना फूलपुर में प्राप्त तहरीर के आधार पर मु.अ.सं. 45/2023 धारा 363/376/504/506/120 भा.द.सं. व 5/6 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था। थाना थरवई में पंजीकृत मु.अ.सं. 108/2023 धारा 379 भा.दं.सं. से सम्बन्धित अभियुक्त राकेश भारतीया पुत्र स्व. लाल बहादुर भारतीया नि. खेवराजपुर थाना थरवई जनपद प्रयागराज को शनिवार को थाना थरवई पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खेवराजपुर तिराहा से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल हीरो पैशन प्रो बरामद की गयी। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# जुंआ खेल रहे सात अभियोक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



शुक्लागंज,उन्नाव। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा के आदेश एवं अपर पुलिस शाशी शेखर अधीक्षक महोदय एवं क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे कोतवाली गंगाघाट पुलिस ने 7 जुंआरियों को गिरफ्तार। पुलिस के अनुसार बीते शुक्रवार को उप निरीक्षक रविशंकर मिश्रा मय हमराह फोर्स द्वारा मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला गांधी नगर में खाली मैदान से जुंआ खेल रहे नीरज कुमार गौतम पुत्र मोतीलाल निवासी गायत्रीनगर भातूफार्म, सुमित चौधरी पुत्र स्व दिनेश कुमार निवासी विकंलांग गेट पोनी रोड़, पंकज गौतम पुत्र ओम प्रकाश निवासी इन्द्रानगर मुकेश वर्मा पुत्र मुन्नीलाल निवासी प्रेमनगर, सर्वेश कुमार पुत्र स्व मुन्नालाल निवासी अवस्थीखेड़ा, मोहित पुत्र स्व राजेन्द्र प्रसाद निवासी गांधी नगर पोनी रोड़, अमन कश्यप पुत्र स्व0 अज्जू कश्यप निवासी नौखड़ा कानपुर नगर को मालफड़ से 10,500 रुपये व 3,500 रुपये जामा तलाशी व 52 ताश के पत्ते बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

## ईद के करीब आने पर सेंवई की खरीद जोरों पर

संवाददाता, प्रयागराज। ऐसे तो बाजारों मे सेंवई तीन ही प्रकार की मिलती एक मोटी दूसरी महीन और तीसरी भुंजी हुई। लेकिन इसको बनाने के तरीके भिन्न भिन्न होने से नाम भी अनेक हैं सेंवई एक लेकिन बनने के बाद टेस्ट अनेक। होटेल मैनेजमेंट का कोर्स कर मुम्बई के बड़े बड़े मॉल और फूड स्टोर में अपने जादूई जायके के स्वाद से दीवाना बनाने वाले प्रयागराज रौशन बाग निवासी आसिफरिजवी ने बात करते हुए बताया की सेंवई के बनाने के बाद ही उसे नाम दिया जाता है। मैदे के मिश्रण से मशीनों से तय्यार बारीक सेंवई बाजार में उपलब्ध है। सेंवई आम तौर पर लोगों के घरों में किमामी ही बनती है या फिर दूध और हल्के शक्कर वाली सेंवई बनती है। लेकिन कुछ लोग शीरब्रंज, ईरानी अफगानी सेंवई भी बनाते हैं जो थोड़ा बनने के बाद कॉस्टली भी पड़ती है। केमामी सेंवई के लिए सेंवई से चार से छै गुना चीनी की चाशनी बनानी पड़ती है। बनाते वक्त यह ध्यान रखना होता है की एक उबाल आने पर गैस से नीचे उतार लिया जाए वरना चुलहे पर चढ़े रहने से ऐंठ जाती है। सेंवई बनाने में चीनी दूध घी मेवा सुगन्धित इत्र और इलायची पाउडर जरुरी होता है। और बेहतर व प्रयोग करने के लिए लोग बाजारों मे मिलने वाले आइस्क्रीम फ्लेवर के पाउडर कि प्रयोग कर सकते हैं।

## 15 हजार रुपये का इनामी गोकश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता, उन्नाव। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा के आदेश एवं अपर पुलिस शाशी शेखर अधीक्षक महोदय एवं क्षेत्राधिकारी बीघापुर के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना अचलगंज पुलिस एवं स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा 15 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित एवं गोकशी में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार को प्रभारी निरीक्षक स्वाट श्याम नरायण सिंह मय स्वाट टीम, थानाध्यक्ष अचलगंज प्रशान्त द्विवेदी मय हमराह पुलिस टीम एवं सर्विलांस टीम द्वारा बाब खेड़ा तिराहा के पास से गोवध निवारण अधिनियम मे वांछित 15,000 रुपये के पुरुस्कार घोषित अभियुक्त मोटू ड्राइवर उर्फ जीशान उर्फ मुन्ना ड्यू पुत्र वहीद उर्फ अव्दुल निवासी लाटूश रोड कसाई बाड़ा थाना अमीनाबाद जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक श्री श्याम नारायण सिंह स्वाट टीम प्रभारी, थानाध्यक्ष प्रशान्त द्विवेदी, हे0का0 आशीष मिश्रा स्वाट टीम, हे0का0 सत्येन्द्र कुमार स्वाट टीम, कान्स0 रवि कुमार स्वाट टीम, कान्स0 गौरव कुमार स्वाट टीम, कान्स0 सुमित कुमार रहे।

## अच्छेजा में डॉ बी आर अम्बेडकर जन्म उत्सव पर पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

संवाददाता, हापुड के ग्राम अच्छेजा में डॉ बी आर अम्बेडकर जी का 132 वां जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ पुलिस प्रशासन एस आई महंतराज यादव एवम कोस्टेबल राजेश कुमार के द्वारा केक काटकर मनाया गया एवम पुलिस प्रशासन को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर भूपेंद्र प्रधान , तपेन्द्र कुमार समाज सेवी, सोनू कुमार, किशन पाल, नितिन कुमार, विपिन गुलाब, राजू राहुल, सुशील कुलदीप दीवान विवेक, अनिल टप्पू, पप्पू फौजी, नीरज स्केट्री, अच्छेजा विजेन्द्र कुमार कपिल, शीशपाल, राजकुमार, आदेश,रवि कुलदीप सचिन अजय अरुण कुमार, पप्पू, देवेन्द्र कुमार, सचिन कुमार अजय कुमार अर्जुन आदेश कुमार संजय तरुण कुमार संजय मेडिकल स्टोर बंटी, जयसिंह, रितेश राहुल ,कुलदीप एवम समस्त ग्राम अच्छेजा के लोग मौजूद रहे।

## आरबिट्रेशन (हायर परचेज) के निष्पादन वादों से संबंधित 10 मामलों का हुआ निस्तारण

संवाददाता, हापुड़ में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में रविन्द्र कुमार प्रथम, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / जनपद न्यायाधीश, हापुड़ के योग्य निर्देशन में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत /अपर जिला जज, हापुड़ डा0 रीमा बंसल की देखरेख में प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / सिविल जज (सी0डि0) प्रथम, हापुड प्रीति मोगा द्वारा शनिवार को आरबिट्रेशन के निष्पादन वादों को निस्तारण करने हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त विशेष लोक अदालत में जनपद न्यायालय, जनपद न्यायाधीश रविन्द्र कुमार प्रथम द्वारा 2 वादों का अपर जिला एवं जज सत्र न्यायाधीश (एम.पी. / एमएलए / पोक्सो-111). हापुड़ कमलेश कुमार द्वारा 2 वादों का अपर जिला एवं जज सत्र न्यायाधीश, हापुड़ मृदुल दुबे द्वारा 1 वाद का, अपर जिला जज (एस.सी.ध्एस.टी. एक्ट) हापुड़ , उमाकान्त जिंदल द्वारा 2 वादों का अपर जिला एवं जज (पोक्सो-11), हापुड़ डा0 रीमा बंसल द्वारा 1 बाद का, अपर जिला एवं जज (एफटी.सी.- (1), हापुड़ राखी चौहान द्वारा 1 चाद का, अपर जिला एवं जज (एफटी.सी.-1), हापुड़ छाया शर्मा द्वारा 1 वाद का निस्तारण किया गया। इस प्रकार जनपद में आरबिट्रेशन के निष्पादन वादों से संबंधित कुल 10 मामलों का निस्तारण किया गया। उक्त के क्रम में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार दिनांक 13 मई 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय हापुड़, बाहा न्यायालय गढ़मुक्तेश्वर, ग्रामीण न्यायालय धौलाना एवं जनपद की समस्त तहसीलों में किया जायेगा। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत डा0 रीमा बंसल एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (सी0डि0) प्रथम, हापुड़ प्रीति मोगा ने विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए उपस्थित रहे।

# रॉक्स रिकॉर्डिंग म्यूजिक एकेडमी का भव्य शुभारंभ

संवाददाता





कानपुर। स्वरूप नगर स्थित रॉक्स रिकॉर्डिंग म्यूजिक एकेडमी का भव्य शुभारंभ हुआ इस दौरान स्टूडियो के डायरेक्टर हरमीत सिंह( रॉकी ) ने मुख्य अतिथि अजय कपूर पूर्व विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया इस दौरान उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया हरमीत सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते बताया कि आज हमारे नवनिर्मित रॉक्स म्यूजिक स्टूडियो का शुभारंभ हमारे वीर जी मा0 अजय कपूर पूर्व विधायक ने अपने कर कमलों से फीता काटकर शुभारंभ किया आज के बदलते आधुनिक दौर में सभी के मन में एक सपना होता है कि वह एक अपनी दुनिया में एक अलग पहचान बनाए सभी लोगों का सपना होता है कि जिस प्रतिभा में उसकी रूचि होती है वहां उतना ही उसमें डूब जाता है और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की हर कोशिश करता है शहर आसपास के जिले जो लोग संगीत मे अपना एक अलग मुकाम बनाने की इच्छा रखते हैं ऐसे लोगों के लिए हमने एक रिकॉर्डिंग म्यूजिक स्टूडियो के शुरुआत की है लगभग 15 वर्षों से मैं संगीत की दुनिया में हूं और आज मैंने एक कड़ी मेहनत करके एक मुकाम हासिल किया है मेरा सपना है कि जो भी लोग इस मुकाम को हासिल करना चाहते हैं उनके लिए मैं हर संभव मदद करूंगा हमारे रिकॉर्डिंग स्टूडियो में म्यूजिक रिकॉर्डिंग के साथ एल्बम सॉन्ग कंप्लीट किए जाते हैं मध्यमवर्ग के लोगों के लिए हम हमेशा प्रयासरत हैं लोगों से कहना चाहूंगा वह अपनी प्रतिभा को हमारे रिकॉर्डिंग स्टूडियो के माध्यम से लोगों तक पहुंचाएं और अपना भविष्य बनाएं इस दौरान कार्यक्रम मुख्य रूप से तजिंदर पाल सिंह सरदार रविंदर सिंह यजुवेंद्र सिंह कुसुम गुप्ता पायल अवनी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# वरिष्ठ समाजसेवी मुरारी लाल अग्रवाल ने पंचांग पुस्तक का विमोचन किया



संवाददाता

कानपुर। स्वरूप नगर स्थित काली मठिया मंदिर प्रांगण में बाबा महाकाल यज्ञ सेवा समिति का 24वां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है जो कि 10 अप्रैल से आयोजित हो रहा है जो कि 18 अप्रैल तक चलेगा ।इस विशेष अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किय गया है जहां भारी संख्या में पहुंचकर लोग कथा का आनंद उठा रहे हैं वृंदावनधाम से पधारे कथा वाचक अभिषेक शुक्ल महाराज के मुख से कथा सुनकर लोग भाव विभोर हो रहे है कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी मुरारी लाल अग्रवाल ने मंदिर प्रागंण मे पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का आंनद उठाया उन्होंने मंच पर पहुंचकर भगवत गीता की आरती कहने के साथ आए हुए सभी आचार्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया इस दौरान लोगों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थान पर आने पर मन को बहुत सकून शांति प्राप्त होती है और जब कथा हो रही हो तो मानो की स्वयं भगवान के सामने बैठे हैं मंदिर के पुजारी नरेंद्र शास्त्री जी बहुत वर्षों से जानता हूं और वह एक वैदिक धर्म ज्ञान का भंडार है जो कि बहुत ही एक अच्छा समाज में सनातन धर्म को आगे पहुंचाने का संदेश दे रहे हैं एक युवा जब अपने सनातन को ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं जो कि बहुत ही सराहनीय कार्य और आज के युवाओं में एक नया जोश भरने की पूरी कोशिश करते हैं और सभी को ऐसा करना चाहिए धार्मिक कार्य में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे इसके पश्चात मंच पर ही पंचाग पुस्तिका का विमोचन भी किया गया इस दौरान नरेंद्र शास्त्री चौतन्यपुरी बाल योगी महाराज कृष्ण दास महाराज पनकी वाले सहित क्षेत्रीय भक्त गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बिठूर पुलिस ने फर्जी अपहरण कांड का किया खुलासा

संवाददाता




कानपुर। कानपुर पुलिस आयुक्त के आदेशानुसार अपराध चोरी रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बिठूर थाना पुलिस ने झूठे अपरहण घटना का खुलासा किया थाना प्रभारी अतुल कुमारसिंह की सूझबूझ के चलते झूठे अपहरण कांड का खुलासा किया गया बिठूर निवासी विनोद कुमार निषाद पुत्र राजाराम निषाद नि ग्राम ईश्वरीगंज थाना बिठूर कानपुर नगर के द्वारा एक किता प्रार्थना पत्र बाबत अभि) गण द्वारा एकराय होकर वादी के घर में घुसकर वादी के पुत्र विमल निषाद को घर से उठा ले जाकर गाली गलौज कर मारपीट करना व जान से मारने की धमकी देना च विमल निषाद का अपहण कर लेने के संबंध में देकर थाना बिठूर पर मु0अ0सं0 115/23 धारा 147/452/364/323/504/5 बनाम शम्भू प्रकाश सुभाष पुत्रगण स्वा) टीकाराम मोहित गोलू पुत्रगण प्रकाश सर्वेश अप्पू पुत्रगण शम्भू सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था विवेचना से मुकदमा उपरोक्त में नामित अभिगण शम्भू प्रकाश, सुभाष, मोहित, गोलू, सर्वेश व अप्पू उपरोक्त के द्वारा अपहत विमल निषाद के साथ एकराय होकर गाली-गलौज, मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की बात प्रकाश में आई व मुकदमा वादी विनोद उपरोक्त के द्वारा अपने भाई मनोज व पुत्र विमल के साथ मिलकर षडयंत्र रचकर विमल निषाद को कहीं छिपा दिया गया और शम्भू आदि 7 नफर उपरोक्त पर अपहण का झूठा मुकदमा लिखवाकर शम्भू व उसके परिवारीजनों पर दबाव बनाकर लगातार 5-6 लाख रूपये की मांग करना व रूपये न देने पर विमल निषाद के अपहण के झूठे मुकदमे में जेल भिजवा देने की धमकी दी जा रही थी की बात प्रकाश में आई व उपरोक्त सम्बन्ध में लगातार उच्चाधिकारियों के समक्ष प्रार्थना पत्र देकर व मीडिया के माध्यम से पुलिस पर तरह-तरह के आरोप लगाकर पेशबंदी की जा रही थी। 15.04.23 को मुकदमा उपरोक्त में विनोद कुमार पुत्र राजाराम निषाद मनोज कुमार पुत्र राजाराम निषाद विमल निषाद ( अपहृत ) पुत्र विनोद कुमार समस्त निगण ग्राम ईश्वरीगंज थाना बिठूर कानपुर नगर का नाम प्रकाश में लाते हुए समय लगभग 10. 00 बजे सुबह ब्लू वर्ल्ड तिराहा से गिरफ्तार किया गया मुकदमा उपरोक्त में 364/452 भादवि का लोप किया गया। पुलिस के इस कार्य की थाना क्षेत्र की आम जनता ने पुलिस टीम की प्रशंसा की सभी अभियुक्तों को मा0 न्यायालय पेशकर जेल भेजा गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम गिरफ्तार करने वाली थाना बिठूर प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार सिंह उ0नि देवीशरण उ0नि0 अमित सिंह राघव उ0नि0 विवेक त्यागी अर्जुन सिंह कां0आशीष कुमार शामिल रहे।

# शिवगढी में भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी का 132 जन्मोत्सव समारोह आयोजित

## पत्रकार समाज के वो हीरो है जो हमें स्टार बनाते हैं : डॉ.नरेश सागर

संवाददाता



हापुड़। जनपद हापुड़ के मोहल्ला शिवगढ़ी मे बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी का 132 वां जन्मोत्सव समारोह बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम कर बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया समारोह का मंच संचालन बेखौफशायर डॉ.नरेश सागर ने अपनी कविताओं के माध्यम से किया और समाज को संदेश देते हुए कुछ यूँ पढा कि औकात कब पहचानोगे, ए भीम के बच्चों! एक बार फिर से भीम को, पढना जरूरी है!!बेखौफ शायर ने पत्रकारों के सम्मान में कहा कि ये सभी पत्रकार समाज के वो हीरो है जो हमें स्टार बनाते हैं, समाज के प्रतिष्ठित लोगों को इनके विषय में भी सोचना चाहिए! भव्य आयोजन में छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया जिसमें ज्ञान प्रकाश पब्लिक हाई स्कूल के बच्चों की विशेष भूमिका रही, मा. रामचंद्र जी ने कहा कि.... बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर जी ने शिक्षा पर जोर दिया..उसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए हम अंतिम क्षण तक लडते रहेगें! तो वहीं जहां आयोजकमंडल के मुख्य कार्य कर्ता डॉ.सुनील सरकार ने अपनी कविताओं से माहौल बनाया तो वहीं उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि.... जब तक बहुजन समाज गुटबाजी और चमचा युग से बाहर नहीं निकलेगा हम बाबा साहेब का सपना पूरा नहीं कर सकते! हजारों की तादाद में दर्शक आधी रात तक बैठे रहे, कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध वंदना और त्रिशरण से आरम्भ की गई, मुख्य अतिथि युवा नेता आदेश गुडडू जी ने बच्चों के लिए 2100 रूपये दिए तो वहीं सलाउद्दीन भाई ने 11000 हजार रुपये भेट किये! कार्यक्रम में कवि सुरेन्द्र खेड़ा जी, रश्मि चौधरी, श्रीपाल, महेश टायर वाले, बबीता, रजनीश पायलेट, विक्रम भैया कौल,डॉ. योगेन्द्र, डॉ. जीत सिंह, मा. महेंद्र सिंह, डॉ. राजेश कुमार व आचार्य शील भास्कर आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे आयोजक टीम का कार्य बहुत ही सराहनीय रहा सम्मान के रूप में सभी को भगवान बुद्ध और बाबा साहेब अम्बेडकर जी,माता रमाबाई जी व सावित्रीबाई फूले और राष्ट्र पिता ज्योतिबाफुले का चित्र देकर सम्मानित किया!

CMYK

# ताइवान के आसपास व्यापक सैन्य अभ्यास ''एक कडी चेतावनी : चीन

## ताइवान विदेश मंत्री का बडा बयान, किसी भी समय हमला कर सकता है चीन

एजेंसी, बीजिंग। चीन का कहना है कि ताइवान के आसपास उसका व्यापक स्तर पर किया गया सैन्य अभ्यास द्वीप राष्ट्र को ''एक कडी चेतावनी'' है। चीन के ताइवान से जुडे मामलों के कार्यालय की प्रवक्ता झू फेंगलियन ने कहा'' पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने हाल ही में ताइवान जलडमरूमध्य और आसपास के समुद्री क्षेत्र में कई अभ्यास किए, जो ताइवान की स्वतंत्रता की समर्थक अलगाववादी ताकतों और बाहरी ताकतों की मिलीभगत और उकसावे के खिलाफ एक गंभीर चेतावनी है।'' झू फेंगलियन ने कहा,'' देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए यह एक आवश्यक कार्रवाई है।'' चीन का तीन दिवसीय व्यापक अभ्यास सोमवार को समाप्त हुआ। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी की



ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन से पिछले सप्ताह कैलिफोर्निया में मुलाकात के बाद चीन की ओर से यह आक्रामक कार्रवाई की गई। चीन का दावा है कि ताइवान उसका हिस्सा है और यदि जरूरत पडघे तो वह बल के दम पर उसे अपने नियंत्रण में लेगा। वह नियमित रूप से जहाजों और युद्धक विमानों को द्वीप के पास हवाई तथा समुद्री क्षेत्र में भेज रहा है। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने पिछले 24 घंटे के भीतर पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के युद्धक विमानों की 35 उडानों और द्वीप के आसपास के पानी में नौसेना के आठ जहाजों की गतिविधियों का पता लगाया है। चीन ताइवान के सरकारी संस्थानों को मान्यता नहीं देता है और उसने साई के प्रशासन से सभी तरह के संपर्क तोड रखे हैं। वह साई पर नियमित रूप से बाहरी समर्थन के साथ औपचारिक स्वतंत्रता की साजिश रचने का आरोप लगाता है-जिसे आमतौर पर अमेरिका के संदर्भ में देखा जाता है। झू ने कहा, '' बाहरी ताकतें ताइवान का एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल कर चीन को रोकने के अपने प्रयास तेज कर रही हैं।'' झू ने चीन के उस दावे को दोहराया कि उसकी सैन्य कार्रवाई '' ताइवान की स्वतंत्रता, अलगाववादी गतिविधियों और बाहरी ताकतों के हस्तक्षेप के खिलाफहै... यह ताइवान में हमारे हमवतनों के खिलाफ नहीं है।'' गौरतलब है कि चीन सरकार दावा करती है कि ताइवान उसके राष्ट्रीय क्षेत्र का हिस्सा है, जबकि ताइवान की वर्तमान सरकार का कहना है कि यह स्वशासित द्वीप पहले से ही संप्रभु राष्ट्र है और चीन का हिस्सा नहीं है। ताइपे ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन के पहले अमेरिका दौरे के बाद चीन भडका हुआ है। ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफवू ने एक इंटरव्यू में चीन के आक्रामक इरादों खुलासा करते हुए कहा है कि चीन का आक्रामक सैन्य अभ्यास देखकर लगता है कि चीनी सेना ताइवान पर हमले की तैयारी कर रही है। वू ने कहा, सैन्य अभ्यास और उनकी बयानबाजी को देखें, तो ऐसा लगता है कि वे ताइवान के खिलाफयुद्ध शुरू करने के लिए तैयार होने की कोशिश कर रहे हैं। वू के मुताबिक ताइवान की सरकार चीनी सैन्य खतरे को एक ऐसी चीज के रूप में देखती है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है और ताइवान इसकी निंदा करता है। बता दें कि पिछले दिनों ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन के अमेरिकी कांग्रेस के स्पीकर केविन मैक्कार्थी से मुलाकात की चीन चिढा हुआ है और अपनी नाराजगी बताने के लिए उसने ताइवान की घेराबंदी कर दी है। वू से पूछा गया कि क्या ताइवान को संभावित चीनी सैन्य कार्रवाई के समय का कोई आभास है इस पर वू ने अमेरिकी खुफिया एजेंसी के अनुमान के आधार पर कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपनी सेना को साल 2027 तक तैयार रहने का निर्देश दिया है। वहीं वू ने ताइवान की सैन्य तैयारियों पर भी भरोसा जताया। वू के शब्दों में, ताइवान के खिलाफ बल प्रयोग करने का फैसला करने से पहले चीनी नेता दो बार सोचेंगे। इससे कोई फर्क नहीं पडता कि यह 2025 या 2027 या उससे भी आगे है, ताइवान को बस तैयार रहने की जरूरत है। ऐसा लगता है कि पहली बार चीनी नौसेना ने ताइवान पर एयरक्राफ्ट कैरियर के जरिए फाइटर जेट्स के जरिए हमले किए हैं। ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन पिछले शुक्रवार को सेंट्रल अमेरिका और अमेरिका की 10 दिनों की यात्रा से लौटी हैं। उनके लौटने के एक ही दिन बाद चीन ने अभ्यास शुरू कर दिया। गौरतलब है कि चीन, ताइवानी राष्ट्रपति को अलगाववादी नेता मानता है जिन्हें पश्चिमी देशों का समर्थन हासिल है। चीन का मानना है कि वेन बाहरी ताकतों के साथ मिलकर साजिश रच रही हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या इस तरह दौरा ताइवान को महंगा पड रहा है, वू ने जवाब दिया, चीन यह तय नहीं कर सकता कि ताइवान कैसे दोस्त बनाता है। चीन यह भी तय नहीं कर सकता कि हमारे दोस्त ताइवान को किस तरह से समर्थन देना चाहते हैं। अगस्त 2022 से ही दोनों देशों के बीच तनाव चल रहा है। उस समय तत्कालीन अमेरिकी स्पीकर नैंसी पेलोसी ताइवान की यात्रा पर गई थीं।

### चीन की दो टूक

एजेंसी, बीजिंग। चीन का दो टूक शब्दों में कहना है कि ताइवान के आसपास उसका व्यापक स्तर पर किया गया सैन्य अभ्यास द्वीप राष्ट्र को ''एक कडी चेतावनी है। चीन के ताइवान से जुडे मामलों के कार्यालय की प्रवक्ता झू फेंगलियन ने कहा,'' पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने हाल ही में ताइवान जलडमरूमध्य और आसपास के समुद्री क्षेत्र में कई अभ्यास किए, जो ताइवान की स्वतंत्रता की समर्थक अलगाववादी ताकतों और बाहरी ताकतों की मिलीभगत और उकसावे के खिलाफएक गंभीर चेतावनी है। झू फेंगलियन ने कहा, '' देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए यह एक आवश्यक कार्रवाई है। चीन का तीन दिवसीय व्यापक अभ्यास समाप्त हुआ।

# भारत और फ्रांस वास्तव में घनिष्ठ मित्र हैं, वैश्विक भलाई के लिए कर रहे काम पीयूष गोयल

एजेंसी, पेरिस। फ्रांस की यात्रा पर गए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि फ्रांसऔर भारत वास्तव में दोस्त, भागीदार और जीवंत लोकतंत्र हैं जो वैश्विक भलाई के लिए काम कर रहे हैं। गोयल ने आज पेरिस में भारत-फ्रांस बिजनेस समिट में अपने संबोधन में कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत किया है, जो अब 25 साल पूरे कर चुकी है। उन्होंने कहा कि दोनों नेता व्यापार, प्रौद्योगिकी, पर्यटन और निवेश में विस्तारित जुड़ाव के साथ भारत-फ्रांस संबंधों को अगले स्तर पर ले गए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के नेताओं और लोगों के बीच दोस्ती वैश्विक भलाई के लिए एक बल



गुणक है। इस मौके पर, मंत्री गोयल ने कई शीर्ष फ्रांसीसी कंपनियों के सीईओ के साथ बातचीत की, जिसमें बेनोइट बाजिन, सीईओ, सेंट-गोबेन, ल्यूक रेमोंट, फ्रांसीसी ऊर्जा प्रमुख ईडीएफ के सीईओ, पियरे कोटर्डरौक्स, रोक्केट के सीईओ, साथ ही आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के महासचिव मथियास कॉर्मन शामिल थे। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि भारत और फ्रांस स्थिर वैश्विक आर्थिक व्यवस्था के लिए चिंतित हैं और दोनों क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर आम सहमति और सहयोग में विश्वास करते हैं।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के व्यापारिक नेताओं और फ्रांस में भारतीय समुदाय ने व्यापार और आर्थिक साझेदारी को बढाने के अपने अथक प्रयासों से भारत और फ्रांस के बीच दोस्ती और विश्वास के इस बंधन को और मजबूत किया है। मंत्री ने कहा कि अगले 25 वर्षों में भारत की क्षमता को प्रधान मंत्री मोदी द्वारा अमृत काल या भारत के स्वर्ण युग के रूप में करार दिया गया है, और अवसरों का एक बड़ा डेल्टा है जो भारत में वैश्विक आर्थिक इतिहास में कभी नहीं देखा गया है।

# भारत के सबसे उम्रदराज अरबपति और महिंद्रा एंड महिंद्रा के एमेरिटस चेयरमैन केशब महिंद्रा का निधन

एजेंसी, मुंबई । भारतीय वाहन उद्योग के दिग्गज और महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) के मानद चेयरमैन केशब महिंद्रा का बुधवार सुबह मुंबई में निधन हो गया। वह 99 साल के थे। महिंद्रा परिवार के एक करीबी ने बताया कि केशव महिंद्रा ने आज सुबह घर पर ही अंतिम सांस ली। उन्होंने चेयरमैन के रूप में 48 वर्षों तक महिंद्रा समूह का नेतृत्व किया। इसके साथ ही उन्हें महिंद्रा समूह के वाहन से अन्य क्षेत्रों मसलन सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), रियल एस्टेट, वित्तीय सेवाओं और आतिथ्य में विस्तार का श्रेय जाता है। उन्होंने अमेरिका के व्हॉर्टन, पेन्सिल्वेनिया विश्वविद्यालय से




स्नातक किया था। वह 1947 में कंपनी में शामिल हुए थे और 1963 में इसके चेयरमैन बन गए थे।। केशब महिंद्रा ने इस्पात व्यापार कंपनी को 15.4 अरब डॉलर के विविध क्षेत्रों में कार्यरत समूह में बदला था। उन्होंने 2012 में अपने भतीजे और समूह के तत्कालीन वाइस-चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक आनंद महिंद्रा को समूह की कमान सौंप दी। केशब 64 साल तक महिंद्रा एंड महिंद्रा के बोर्ड में निदेशक रहे। वह सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कई संगठनों के बोर्ड और परिषद में शामिल रहे। वह हुडको के संस्थापक चेयरमैन थे। इसके अलावा वह कई कंपनियों मसलन सेल, टाटा स्टील, टाटा केमिकल्स, इंडियन होटल्स, आईएफसी, आईसीआईसीआई और एचडीएफसी के बोर्ड में भी रहे। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने बयान में कहा कि भारतीय वाहन उद्योग ने अपने अग्रणी लोगों में से एक को आज खो दिया है। उन्होंने कहा, भारतीय वाहन उद्योग की यात्रा के शुरुआती वर्षों में उनके नेतृत्व ने देश को वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण खिलाडी के रूप में पहचान दिलाई। उनकी मदद से ही भारत वाहन क्षेत्र का विनिर्माण केंद्र बन सका। केशब 1964 में सियाम के अध्यक्ष थे। अग्रवाल ने कहा, सियाम और भारतीय वाहन उद्योग एक सच्चे दूरदर्शी के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा के पूर्व प्रबंध निदेशक पवन गोयनका ने ट्वीट किया, औद्योगिक दुनिया ने आज अपनी सबसे बडघे हस्तियों में से एक को खो दिया है। केशब महिंद्रा का कोई मुकाबला नहीं था। मुझे एक सबसे अच्छे व्यक्ति को जानने का सौभाग्य मिला। मैं उनसे प्रेरित था कि कैसे उन्होंने व्यापार, अर्थशास्त्र और सामाजिक मामलों को जोडा। ओम शांति।

# अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के काम को लेकर कोई बाधा नहीं : तालिबान

एजेंसी, इस्लामाबाद। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता नेकहा कि अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के काम करने को लेकर कोई बाधा नहीं है, हालांकि अफगान महिलाओं को विश्व निकाय में काम करने से रोकने का फैसला आंतरिक मामला है और हर किसी को इसका पालन करना चाहिए। तालिबान ने अफगानिस्तान में अफगान महिलाओं के वैश्विक संस्था के लिए काम करने पर पाबंदी लगाई है। पिछले सप्ताह ही देश के तालिबानी शासकों ने महिलाओं पर पाबंदी की दिशा में एक कदम और आगे बढते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र मिशन में कार्यरत अफगान महिला कर्मी अब वहां काम नहीं कर सकती हैं। देश की खुफिया एजेंसी इस



पाबंदी को लागू कर रही है जो कंधार में तालिबान नेतृत्व को रिपोर्ट करती है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि वह फैसले को स्वीकार नहीं कर सकता। विश्व निकाय ने इसे गैरकानूनी तथा महिला अधिकारों का उल्लंघन बताया है। इसने कहा कि लाखों अफगान महिलाओं को जीवनरक्षक सहायता उपलब्ध कराने में महिलाएं अहम होती हैं। इसने इस फैसले के विरोध में देश में अपने पुरुष एवं महिला कर्मियों को घर पर रहने का निर्देश दिया। तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के मुख्य प्रवक्ता और सर्वोच्च नेता के करीबी जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि अफगान महिलाओं को संयुक्त राष्ट्र में काम करने से रोकने का फैसला आंतरिक मामला है और हर किसी को इसका पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''इस फैसले का यह मतलब नहीं है कि यहां भेदभाव हो रहा है या संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियों को रोका जा रहा है। इसके विपरीत हमलोग अपने देश के सभी नागरिकों के धार्मिक एवं सांस्कृतिक हितों को ध्यान में रखते हुए उनके अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# कैलिफोर्निया विधानसभा का अमेरिकी संसद से आग्रह- सिख विरोधी दंगों को नरसंहार के तौर पर दे मान्यता

एजेंसी, वाशिंगटन। अमेरिका में कैलिफोर्निया राज्य विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर अमेरिकी कांग्रेस (संसद) से भारत में 1984 में हुई सिख विरोधी हिंसा को नरसंहार के रूप में औपचारिक रूप से मान्यता देने और उसकी निंदा करने का अनुरोध किया है। यह प्रस्ताव 22 मार्च को विधानसभा सदस्य जसमीत कौर बैंस द्वारा पेश किया गया था, जो राज्य विधानसभा के पहले निर्वाचित सिख सदस्य हैं और सोमवार को राज्य विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से इसे पारित कर दिया गया। विधानसभा सदस्य कार्लोस विलापुदुआ ने इसका समर्थन किया।



विधानसभा में एकमात्र अन्य हिंदू सदस्य ऐश कालरा ने भी इसके पक्ष में मतदान किया। प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका में सिख समुदाय इस दंगे के शारीरिक और मनोवैज्ञानिक आघात से अब तक उबर नहीं पाया है। प्रस्ताव में अमेरिकी कांग्रेस से औपचारिक रूप से नवंबर 1984 की सिख विरोधी हिंसा को नरसंहार के रूप में मानने और इसकी निंदा करने का आग्रह किया गया है। अमेरिकी सिख कॉकस कमेटी और अन्य अमेरिकी सिख संस्थाओं के समन्वयक प्रीतपाल सिंह ने एक बयान जारी कर इस प्रस्ताव को पेश करने और पारित करने के लिए कैलिफोर्निया राज्य विधानसभा के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। 2015 में कैलिफोर्निया विधानसभा ने भी सिख विरोधी हिंसा को नरसंहार करार देते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर 1984 को उनके सिख अंगरक्षकों ने हत्या कर दी थी, जिसके बाद दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में हिंसा भडक उठी।

# नेपाल के सिंधुली में सडक हादसा, बिहार के रहने वाले 4 भारतीयों की मौत




एजेंसी, काठमांडू । नेपाल के बागमती प्रांत के एक सुदूर क्षेत्र में कार नाले में गिरने से चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। बुधवार का मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। 'द हिमालयन टाइम्स समाचार पत्र की खबर के अनुसार दुर्घटना मंगलवार देर रात हुई जब पांच भारतीय नागरिकों को ले जा रही कार का चालक बागमती प्रांत के सिंधुली जिले में नियंत्रण खो बैठा और कार सडक से करीब 500 मीटर नीचे गिर गई। रिपोर्ट के मुताबिक, चारों मृतक पुरुष हैं, लेकिन उनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है।

'काठमांडू पोस्ट अखबार ने जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस अधीक्षक राज कुमार सिलवाल के हवाले से कहा कि बिहार के पंजीकरण नंबर वाली कार काठमांडू जा रही थी और उसके दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सिलवाल ने कहा कि सिंधुली अस्पताल ले जाए गए एक घायल यात्री की इलाज के दौरान मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को आगे के इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। दुर्गम भौगोलिक क्षेत्र होने के कारण दुर्घटनास्थल से मृतकों के शव नहीं निकाले जा सके हैं। रिपोर्ट में सिलवाल के हवाले से कहा गया है, दुर्घटनास्थल तक पहुंचने में एक घंटे से अधिक का समय लगेगा। इसलिए शवों को बाहर निकालने में परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि शवों को निकालने के लिए नेपाल सेना की मदद मांगी गई है और टीम घटनास्थल पर जा रही है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद लातिन अमेरिका से सूरजमुखी तेल का आयात बढ़ा : जयशंकर

एजेंसी, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया के सबसे बड़े खाद्य तेल के आयातक भारत को सूरजमुखी तेल के वैकल्पिक स्रोत के रूप में लातिन अमेरिकी देशों का रुख करना पड़ा। मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत यूक्रेन से सूरजमुखी तेल का बड़ा आयातक था लेकिन युद्ध शुरू होने के बाद आपूर्ति बाधित हो गई। भारत प्रतिवर्ष 25 लाख टन सूरजमुखी तेल का आयात करता है। इसमें से 70 प्रतिशत यूक्रेन से, 20 प्रतिशत रूस से और शेष 10 प्रतिशत अर्जेंटीना से आयात करता है।



जयशंकर ने कहा, एक साल पहले जब यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ तो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पहला असर तेल की कीमतों पर हुआ। इस बात पर बहुत कम लोगों का ध्यान गया कि भारत जैसे देश को खाद्य तेल के मामलों में समस्याओं का सामना करना पड़ा क्योंकि हम यूक्रेन से सूरजमुखी तेल के सबसे बड़े आयातक देशों में से एक थे। उन्होंने कहा, भारत पर वैकल्पिक स्रोत को खोजने का दबाव वास्तव में भारतीय आयातकों को आसियान देशों में उनके पारंपरिक स्रोतों से काफी आगे ले गया। यह वास्तव में उन्हें लातिन अमेरिका ले गया। जयशंकर ने कहा, लातिन अमेरिका के साथ भारत के व्यापार में एक बड़ी वृद्धि हुई और दिलचस्प रूप से इसका बड़ा श्रेय खाद्य तेल को जाता है। औद्योगिक इकाई सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन के अनुसार, अक्टूबर को समाप्त विपणन वर्ष 2021-22 में भारत का खाद्य तेलों का आयात पिछले वर्ष के 131.3 लाख टन से बढ़कर 140.3 लाख टन हो गया।

# नॉर्वे ने रूस के 15 राजनयिकों को निकाला

एजेंसी, नॉर्वे के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने 15 रूसी दूतावास के अधिकारियों को निष्कासित करने का फैसला किया था। नॉर्वे की तरफ से कहा गया कि वे राजनयिक पदों की आड़ में काम करने वाले खुफिया अधिकारी थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार का फैसला यूरोप में बदली हुई सुरक्षा स्थिति के जवाब में है, जिसके कारण रूस से खुफिया खतरा बढ़ गया है। संबंधित अधिकारियों को जल्द ही नॉर्वे छोड़ देना चाहिए। रॉयटर्स द्वारा संपर्क किए जाने पर ओस्लो में रूसी दूतावास तुरंत टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं था। नॉर्वे के विदेश मंत्री एनीकेन ह्यूटफेल्ट ने कहा कि नाटो सैन्य गठबंधन का सदस्य नॉर्वे आर्कटिक में रूस के साथ सीमा साझा करता है। यह नॉर्वे में रूसी खुफिया गतिविधि का मुकाबला करने और उसके स्तर को कम करने और इस प्रकार हमारे राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# उपभोक्ता आयोग का बीमा कंपनी को 7.29 करोड़ का मुआवजा देने का निर्देश, 2017 से देना होगा ब्याज

एजेंसी, ठाणे। ठाणे के अतिरिक्त जिला उपभोक्ता निवारण आयोग ने एक रसायन कारखाने में आग लगने पर बीमा कंपनी को उसे मुआवजे के रूप में 7.29 करोड़ रुपये देने का निर्देश दिया है। कारखाने के नवी मुंबई स्थित संयंत्र में 2015 में आग लग गई थी। आयोग के अध्यक्ष रविंद्र पी नागरे ने 21 मार्च को दिए अपने आदेश में प्रतिवादी फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को लापरवाही, सेवा में कमी और व्यापार में अनुचित व्यवहार का दोषी ठहराया। आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई। उपभोक्ता फोरम ने बीमा कंपनी को दावाकर्ता सांगदीप एसिड केम प्राइवेट लिमिटेड को 29 अक्टूबर, 2017 से राशि मिलने तक नौ प्रतिशत सालाना के ब्याज के साथ भुगतान करने का निर्देश दिया है। फोरम ने बीमा कंपनी को मानसिक प्रताड़ना के हर्जाने के तौर पर 25 लाख रुपये और एक लाख रुपये कानूनी खर्च के लिए भुगतान करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि 45 दिन के अंदर भुगतान नहीं करने पर ब्याज दर 12 प्रतिशत वार्षिक हो जाएगी।

# एनसीआरटीसी ने सेमी-हाई स्पीड रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम का बदला नाम

एजेंसी, नयी दिल्ली। भारत की पहली 'सेमी हाई स्पीड रीजनल रेल सेवा को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने 'रैपिडएक्स नाम दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये ट्रेन 'रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) गलियारे पर चलेंगी, जिसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रमुख शहरी क्षेत्रों को जोडने के लिए कार्यान्वित किया जा रहा है। इस सेवा को 'रैपिडएक्स का नाम दिया गया है क्योंकि यह पढने में सरल और विभिन्न भाषाओं में उच्चारण करने में आसान है। एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने कहा, ''गति और प्रगति को दर्शाने के अलावा, नाम में 'एक्स शब्द अगली पीढी की तकनीक को दर्शाता है। यह युवाओं, आशावाद और ऊर्जा का भी प्रतिनिधित्व करता है। गौरतलब है कि दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस गलियारे पर रैपिडएक्स सेवा के जरिये दिल्ली से मेरठ के बीच यात्रा के समय में काफी कमी आएगी।

CMYK

## यूट्यूबर अरमान मालिक ने खोला नया जिम, एक महीने की फीस के लिए बेचनी पड़ जाएगी अपनी कार



यूट्यूब की दुनिया में अरमान मालिक आना माना नाम है आए दिन अरमान अपने फैंस को लगातार अपनी पर्सनल लाइफ की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए देते रहते है। फिलहाल इन सब से हटकर अरमान मालिक पापा बने है वही इस खुशी की सारी जानकारी अरमान अपने व्लॉग के जरिए देते नजर आते है। हाल ही में, अरमान ने एक नया जिम शुरू किया है, जिसकी फीस आपके होश उड़ा देगी। दरअसल अरमान मालिक ने अपने घर की छत पर एक जिम शरू किया है। वही दूसरे बेटे जैद की छठी पर अरमान ने जिम की ओपनिंग की है। इस व्लॉग में अरमान ने दिखाया कि उनके जिम में सारी मशीने है। वही इस दौरान उन्होंने अपने जिम की फीस भी बताई है। अरमान मालिक के जिम की फीस जानकर सभी के होश उड़ा दिए। जब पायल से पूछा गया कि जिम की फीस कितनी है तो उन्होंने कहा कि वह सोच रहे हैं कि इसकी फीस 1 लाख रुपये रखेंगे, ट्रेनिंग अरमान देंगे और डाइट का जिम्मा उनका होगा। इसके बाद अरमान मालिक ने कहा कि जिम में दो सेशन दिए जाएंगे जिसमे पैर हेड एक लाख रुपए फीस है। इसमे 10-10 मिनट का कार्डिओ जिसके बाद बटन दबाकर आपको खुद एक्सरसाइज करना है। बता दे, अरमान मालिक की दूसरी बीवी कृतिका ने 6 अप्रैल को एक बेटे को जन्म दिया था इस बात की पुष्टि इन्होने अपने यूट्यूब व्लॉग के जरिए शेयर करते हुए दी थी। वही एक और सामने आये व्लॉग में उन्होंने बताया है कि उनका बाय बिल्कुल ठीक है वही इस व्लॉग में उन्हें अपने न्यू बेबी बॉय का नाम 'जैद मलिक' बुलाते हुए देखा गया। लेकिन इन सबके बीच बड़ी बात ये है लगातार अपने फैंस से ट्रोल हो रहे अरमान ने चुप्पी छोड़ी है जिसके बाद अरमान ने ट्रोलर्स को करारा जवाब देते हुए कहा है कि- वह सभी धर्मों को एक समान मानते हैं। हिन्दू और मुस्लिम सभी भाई है लोगों को इस बात से परेशानी हो रही है कि मैं अपने बच्चे का नाम जैद क्यों रखा लेकिन मैं अपने आने वाले दोनों बच्चो के नाम हिन्दू धर्म पर रखने वाला हूँ।

>>> बॉलीवुड <<<

# 8 साल बाद इतनी बदल गई सलमान खान की वांटेड गर्ल आयेशा टाकिया

## एक्ट्रेस का बदला रूप देख रह जाएंगे दंग



बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक्ट्रेसेस का ट्रांसफॉर्मेशन कोई नयी बात नहीं हैं। आए दिन कोई न कोई एक्ट्रेस अपने लुक में इस कदर बदलाव कर देती है की उन्हें पहचान पाना मुश्किल हो जाता हैं। ऐसी बातें हम इसलिए कर रहे हैं, क्यों की अब ऐसे ही एक और एक्ट्रेस ने अपने लुक में ऐसा ट्रांसफॉर्मेशन कर दिया है की अब एक्ट्रेस को देखने के बाद पहचान पाना मुश्किल हो रहा हैं। तो चलिए अब सस्पेंस से पर्दा हटाते है और बता देते है एक्ट्रेस का नाम। दरअसल यह एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि आयेशा टाकिया हैं। टार्जन द वंडर कार और वांटेड जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं आयेशा टाकिया फिल्मों से भले ही गायब हैं, लेकिन अपने लुक्स के चलते काफी सुर्खियों में रहती हैं। दरअसल एक्ट्रेस का बदला हुआ लुक अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। साथ ही इसपर अब जमकर बातें भी शुरू हो गयी हैं। दरअसल, आयेशा ने हाल ही में इन्स्टाग्राम पर कुछ फोटो और वीडियो शेयर किए हैं जिनमें उनका लुक बिलकुल जुदा नजर आ रहा है और उन्हें पहचानना तक मुश्किल हो गया है। खासकर आयेशा के होंठ एक वीडियो में बहुत ही अलग नजर आ रहे हैं जिसके कारण ये चर्चा फिर से शुरू हो गई है कि उन्होंने लिप्स सर्जरी करवाई है। लिप सर्जरी के बाद आयशा काफी अलग लग रही थीं। इस बारे में जब आयशा से पूछा गया था तो उन्होंने कहा था कि- मैंने कोई सर्जरी नहीं करवाई है आपकी आंखें खराब हो गई हैं। आयशा ने भले ही यह बात नहीं स्वीकार की, लेकिन उनकी तस्वीरें सब बयां कर दे रही थीं। रिपोर्ट्स की मानें तो उन्होंने फुलर लिप, जॉलाइन, आउब्रो और फोरहेड की सर्जरी करवाई थी। उन दिनों आयशा लुक्स को लेकर काफी ट्रोल भी हुईं थी आयशा। लिप सर्जरी से पहले आयशा ने अपने एक बॉडी पार्ट की सर्जरी भी करवाई थी। कई फैन्स उनके इस नए लुक को देखकर हैरान रह गए और उन्होंने इन्स्टाग्राम पर कमेंट करते हुए लिखा, क्या हो गया तुम्हारे फेस को एक अन्य फैन ने लिखा, सर्जरी से पूरा चेहरा खराब कर लिया है आपने। अपने नए लुक पर आयेशा जमकर ट्रोलिंग की शिकार हो रही हैं। वही अब अपनी ऑनलाइन ट्रोलिंग पर आयेशा ने एक बार कहा था, मैं कई बार ट्रोलिंग की शिकार हो चुकी हूं और मैं सबसे ये कहना चाहती हूं कि अगर कोई आपको नींचा दिखाने की कोशिश कर रहा है तो आप समझ लीजिए कि आप बेहतरीन और यूनिक हैं। आप खास हैं और नींचा दिखाने वालों को बिलकुल भी जीतने मत दीजिये। लोगों के साथ अच्छा बर्ताव कीजिए क्योंकि आपको नहीं पता कि कौन किस कठिन परिस्थिति से गुजर रहा हो। बता दे की आयेशा की चर्चित फिल्मों में सोचा ना था, डोर और वांटेड जैसी फिल्में शामिल थीं।



# दीपिका कक्कड़ को लापरवाह मां बताने पर आग बबुला हुए पति शोएब, ट्रोलर्स को जमकर लगाई फटकार



टीवी के पॉपुलर सीरियल 'ससुराल सिमर का' में सिमर के किरदार से लोगों के दिलों में खास जगह बनाने वाली एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ काफी टाइम से छोटे पर्दे से दूर हैं। मगर दीपिका सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इन दिनों एक्ट्रेस अपनी लाइफ के सबसे खूबसूरत फेज से गुजर रही हैं। दीपिका जल्द ही मां बनने वाली हैं।

टीवी इंडस्ट्री के फेमस कपल दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी में शोएब और उनकी फैमली दीपिका का खास ख्याल रख रहे हैं और एक्ट्रेस भी अपनी पहली प्रेग्नेंसी को दिल खोलकर एन्जॉय कर रही हैं। शोएब अपनी वाइफ की हर जरुरत का बहुत ख्याल रख रहे हैं। मगर इसके बावजूद सोशल मीडिया पर कपल ट्रोलर्स के निशाने पर आ गया। दरअसल, हाल ही में शोएब इब्राहिम ने दीपिका कक्कड़ के लिए इफ्तारी का खाना बनाया था। हालांकि इसी बीच शोएब और दीपिका दोनों को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है। इतना ही नहीं लोगों ने दीपिका को एक लापरवाह मां तक कह दिया जिस पर शोएब भड़क गए और उन्होंने ऐसा कहने वालों को जमकर फटकार लगाई है। फेमस टीवी एक्टर शोएब इब्राहिम सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं और कुछ वक्त पहले इब्राहिम ने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के साथ आस्क मी एनिथिंग सेशन किया था। इस सेशन में होने वाले डैडी से उनके और दीपिका के फैंस ने जमकर फादरहुड और एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी को लेकर ढ़ेर सारे सवाल पूछे थे जिनके जवाब शोएब देते दिखे। इस दौरान एक यूजर ने पूछा,दीपिका अपनी प्रेग्नेंसी में इतनी अनहेल्थी चीजें क्यों खाती हैं? क्या उन्हें अपने होने वाले बच्चे की कोई परवाह नहीं हैइस सवाल पर शोएब ने मुहंतोड़ जवाब देते हुए कहा,हर मां अपने बच्चे की परवाह करती है। दीपिका सारी जरूरी न्यूट्रीशियंस लेती हैं और फिर प्रेग्नेंसी है, जो दिल करता है खाती है। वो ये टाइम एंजॉय कर रही हैं और खुश रह रही हैं। वहीं, एक फैन ने जब शोएब से उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में सवाल किया तो एक्टर ने फादरहुड को अपना नेक्स्ट प्रोजेक्ट बताया। एक अन्य यूजर ने पूछा किवो पिता बनने के बाद कौन सी क्वालिटी एडेप्ट करेंगेइस पर एक्टर ने कहा,अपने बेबी के साथ लेटना और उसे कहानी सुनाना। इंशाल्लाह।

>>> बॉलीवुड <<<

# रोहमन शॉल के साथ निकली सुष्मिता सेन से हो गई इतनी बड़ी गलती, देख लोगों ने लगाई क्लास

बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन को हार्ट अटैक आने की खबर ने हाल ही में फैंस को बुरी तरह डरा दिया था। एक्ट्रेस के चाहने वाले ये खबर सुन टेंशन में आ गए थे। हालांकि, बाद में एक्ट्रेस ने अपना हेल्थ अपडेट देकर सबको सुकून की सांस लेने का मौका दिया। जिसके बाद अब एक्ट्रेस को हाल ही में अपने एक्स बॉयफ्रेंड रोहमन शॉल और बेटी के साथ एक स्टोर के बाहर स्पॉट किया गया। हाल ही में सुष्मिता-रोहमन शॉल के साथ शॉपिंग करने निकली थीं। मगर वापस लौटते हुए कुछ ऐसा हुआ कि अब एक्ट्रेस ट्रोलर्स के निशाने पर हैं। सोशल मीडिया पर अब इस दौरान का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सुष्मिता सेन अपनी छोटी बेटी और रोहमन के साथ शो-रूम से लौटती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में दिखाई दे रहा है कि रोहमन के हाथों में ढेर सारे शॉपिंग बैग हैं। रोहमन शॉल को सुष्मिता के लिए स्टोर का दरवाजा खोलते और फिर गाड़ी का दरवाजा खोलते देखा जा सकता है। फिर सुष्मिता अपनी कार में बैठती हैं। मगर, सुष्मिता कार में बैठकर जैसे ही दरवाजा बंद करती हैं, वैसे ही एक प्लास्टिक की बोतल कार से सड़क पर गिर जाती है। हालांकि, वीडियो देखने पर साफ पता चल रहा है कि ये बोतल सुष्मिता सेन ने जान-बूझकर कार से नहीं फेंकी, बल्कि बोतल खली होने की वजह से कार का दरवाजा बंद करने पर खुद बाहर गिर गई है। मगर, सोशल मीडिया यूजर इसके लिए अब एक्ट्रेस और रोहमन शॉल को खरी-खोटी सुना रहे हैं। एक शख्स ने कमेंट कर लिखा, क्या मेरी तरह किसी और ने भी इस बात पर गौर किया कि एक पानी की बोतल जादुई तरीके से कार से बाहर आ गई है?श् एक यूजर ने लिखा, ये रोल मॉडल हैं? एक यूजर ने लिखा, सेलिब्रिटी भी सड़क पर प्लास्टिक कचरा फैला सकते हैं। वहीं, कुछ यूजर्स रोहमन और सुष्मिता को साथ देखकर उनका रिलेशनशिप स्टेट्स भी पूछ रहे हैं। तो कोई लिखा है, ललित मोदी से ब्रेकअप हो गया क्या?



# धर्म के नाम पर नाटक

## एयरपोर्ट पर एहराम पहने आसिम और उमर को देख आग बबूला हुए लोग



रमजान के पाक महीने में स्टार्स लगातार उमराह करने के लिए जा रहे हैं। हाल ही में बिग बॉस फेम आसिम रियाज अपने करीबी दोस्त और टीवी एक्टर अली गोनी के साथ उमराह करने गए थे। वहीं, अब आसिम अपने बड़े भाई उमर रियाज के साथ उमराह करने के लिए मक्का जा रहे हैं। इसी बीच दोनों भाई एयरपोर्ट पर एहरम पहने हुए नजर आए। सोशल मीडिया पर आसिम और उमर का एयरपोर्ट वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसे लेकर दोनों भाईयों को बुरी तरफ ट्रोल भी किया जा रहा है। दरअसल, एयरपोर्ट पर उमर और आसिम को एहरम पहनने को लेकर दोनों भाई ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए हैं और रियाज भाईयों को नेटिजन्स एयरपोर्ट पर ही एहरम पहनने को लेकर फटकार लगा रहे हैं। वायरल वीडियो में आसिम और रियाज के साथ एक और शख्स नजर आ रहा है। तीनों ने एहरम पहना हुआ है और तीनों एयरपोर्ट में एंट्री ले रहे हैं। इस दौरान उमर और आसिम ने पैपराजी को पोज भी दिए। वीडियो में सबसे ज्यादा दोनों भाईयों के लुक ने लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इसे लेकर लोग उनके वीडियो पर तरह-तरह के रिएक्शन दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स का कहना है कि ये लोग एयरपोर्ट से ही एहरम क्यों पहन कर जा रहे हैं। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि ये टॉवल क्यों लपेट लिया है। एक यूजर ने लिखा, ये सब धर्म के नाम पर नाटक है। दूसरे यूजर ने लिखा, ये अल्लाह की इबादत के लिए फोटोशूट के लिए जा रहे हैं।

हिन्दी दैनिक/डिजिटल स्टार एक्सप्रेस सोच... बदलते भारत की
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं एमजी-18, सेक्टर-सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक: नरेन्द्र कुमार । (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com

CMYK